दैनिक
# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 188 | जयपुर | मंगलवार, 13 मई, 2025 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 10

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

### ‘न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा, आतंक पर वार करते रहेंगे’

# पानी और खून एक साथ नहीं बहेगा : मोदी



## पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई सिर्फ स्थगित

OPERATION SINDOOR

## हमला हुआ तो मुंहतोड़ जवाब देंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पाकिस्तान के साथ सीजफायर के 51 घंटे बाद पीएम मोदी ने सोमवार रात 8 बजे देश को संबोधित किया। अपने 22 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर, सीजफायर, आतंकवाद, सिंधु जल समझौते और पाक पर बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन आतंकियों ने हमारी मां-बहनों का सिंदूर मिटाया, हमने उन्हें मिटा दिया। हमारे ऑपरेशन में 100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादी मारे गए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की गुहार पर भारत ने संघर्ष रोकने की सहमति दी है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ मिलिट्री एक्शन को केवल स्थगित किया है। पाकिस्तान का रवैया देखकर आगे का एक्शन तय करेंगे। हम पाकिस्तान से आतंकवाद और पीओके पर ही बात करेंगे।

### आतंकवादियों की बर्बरता ने दुनिया को झकझोर दिया

22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने जो बर्बरता दिखाई थी, उसने देश और दुनिया को झकझोर दिया था। छुट्टियां मना रहे निर्दोष मासूमों को उनके परिवार के सामने, बच्चों के सामने बेरहमी से मार डालना ये आतंक का बहुत वीभत्स चेहरा है। यह देश के सद्भाव को तोड़ने की घिनौनी कोशिश भी थी। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से ये पीड़ा बहुत बड़ी थी। इस आतंकी हमले के बाद सारा राष्ट्र हर नागरिक हर समाज हर वर्ग हर राजनीतिक दल एक स्वर में आतंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए उठ खड़ा हुआ।

### आतंकी जान चुके हैं, बेटियों के माथे से सिंदूर हटाने का अंजाम

हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए भारत की सेनाओं को पूरी छूट दे दी। आज हर आतंकी और आतंक का हर संगठन जान चुका है कि हमारी बहनों बेटियों के माथे से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ नाम नहीं, देश के कोटि-कोटि लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। 6 मई की देर रात और 7 मई की सुबह पूरी दुनिया ने इस प्रतिज्ञा को परिणाम में बदलते देखा है। भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों पर, ट्रेनिंग सेंटर पर सटीक प्रहार किया। आतंकवादियों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि भारत इतना बड़ा फैसला ले सकता है। जब पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर भारत की मिसाइलों ने हमला बोला, भारत के ड्रोंस ने हमला बोला तो आतंकी संगठनों की इमारतें ही नहीं, हौसला भी थर्रा गया। युद्ध के मैदान पर हमने हर बार पाकिस्तान को धूल चटाई है। ऑपरेशन सिंदूर ने नया आयाम जोड़ा है। हमने न्यू एज वारफेयर में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। इस ऑपरेशन के दौरान हमारे मेड इन इंडिया हथियारों की प्रामाणिकता सिद्ध हुई। दुनिया देख रही है कि 21वीं सदी के वारफेयर में मेड इन इंडिया डिफेंस इक्विपमेंट का समय आ चुका है।

## हमने भारत-पाकिस्तान के बीच परमाणु जंग रोकी: ट्रम्प

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के



बीच होने वाली परमाणु जंग रोक दी है। उन्होंने सोमवार को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा- अमेरिका ने दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने में मदद की है। ट्रम्प ने कहा, मुझे यकीन है कि यह सीजफायर स्थायी होगा। दोनों देशों के पास बहुत सारे परमाणु हथियार हैं, इससे एक भीषण परमाणु जंग छिड़ सकती थी। लाखों लोग मारे जा सकते थे।

मैंने दोनों से कहा कि चलिए इसे रोकते हैं। अगर आप इसे रोकते हैं, तो हम व्यापार कर रहे हैं। अगर आप इसे नहीं रोकते हैं, तो हम कोई व्यापार नहीं करेंगे।

## आईपीएल 17 मई से फिर शुरू होगा, फाइनल 3 जून को

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 17 मई से फिर शुरू होगा। 6 वेन्यू पर लीग स्टेज के बचे हुए 13 मैच होंगे। प्लेऑफ स्टेज 29 मई से खेला जाएगा, 3 जून को फाइनल होगा।

बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर यह जानकारी दी। पाकिस्तान के साथ तनाव के कारण 9 मई को आईपीएल सस्पेंड करना पड़ा था। बीसीसीआई ने टूर्नामेंट को रोकते हुए कहा था कि देश इस समय युद्ध की स्थिति में है। ऐसे में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ठीक नहीं।

# कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को कहा अलविदा

बढ़ता राजस्थान


मैच 123

923 रन

46,85 औसत

30/31 100/50

254 बेस्ट



**नई दिल्ली।** विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। कोहली ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर लिखा- टेस्ट क्रिकेट ने मेरी परीक्षा ली, मुझे आकार दिया, वो पाठ सिखाए जो जिंदगीभर मुझे याद रहेंगे।

कोहली ने 10 मई को बीसीसीआई से कहा था कि मैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना चाहता हूं। बोर्ड ने कोहली को अपने फैसले पर फिर विचार करने को कहा था। 11 मई को बोर्ड के एक अधिकारी ने उनसे बात भी की थी।

दिसंबर/जनवरी में ऑस्ट्रेलिया में हुई बॉर्डर- गावस्कर सीरीज में विराट का प्रदर्शन बेहतर नहीं था। उन्होंने इस सीरीज में 23.75 की औसत से रन बनाए थे। वहीं 8 में से 7 बार ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर आउट हुए। बीजीटी में कोहली ने 9 पारियों में 190 रन बनाए। इनमें एक शतक शामिल था।

विराट कोहली ने 123 टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने 30 शतक और 31 अर्धशतक बनाए। विराट ने 7 दोहरे शतक लगाए। 2017 और 2018 में वे टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर चुने गए।

## जयपुर के एसएमएस स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी

बढ़ता राजस्थान


**जयपुर।** जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम को एक बार फिर बम से उड़ानें की धमकी मिली है। सोमवार को खेल परिषद के ईमेल पर धमकी मिली। मेल में लिखा- ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने के बाद अब सवाई मानसिंह स्टेडियम को बम से उड़ाया जाएगा।

करीब 7 घंटे सर्च ऑपरेशन चलाने के बाद कुछ भी बरामद नहीं हुआ। खेल परिषद के अधिकारियों ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। इस के बाद पुलिस टीम, क्यूआरटी, बम निरोधक दस्ता सहित कई टीमें एसएमएस स्टेडियम पहुंची है। सर्च ऑपरेशन जारी है। स्टेडियम के मुख्य मैदान, स्टेडियम में बने हॉस्टल, खेल परिषद के ऑफिस और ष्ट एकेडमी में भी सर्च किया जा रहा है। अब तक की जांच में किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। खेल विभाग के सचिव और राजस्थान स्पोर्ट्स काउंसिल के चेयरपर्सन नीरज कुमार पवन ने बताया- 5 दिन में दूसरी बार जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में बम होने की धमकी मिली है। इसके बाद स्टेडियम को खाली करवा कर सघन सर्च ऑपरेशन किया जा रहा है। जो शाम तक जाती रहेगा। इस दौरान स्टेडियम में खिलाड़ियों की और कर्मचारियों की एंट्री बंद रहेगी।

# जम्मू के सांबा में ड्रोन दिखे, भारत ने मार गिराए

### होशियारपुर में 5-7 धमाके, ब्लैकआउट किया, जालंधर में भी ड्रोन दिखे

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली/जम्मू/श्रीनगर।** भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई (शनिवार) को शाम 5 बजे से सीजफायर लागू हो चुका है। पिछले तीन दिन से तीनों सेनाओं के डीजी ऑपरेशन, ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी जानकारी दे रहे हैं। उन्होंने साफ कहा कि हमारी लड़ाई आतंकवाद और आतंकवादियों के खिलाफ थी, इसलिए आतंकी ठिकानों पर हमला किया, लेकिन पाकिस्तान ने आतंकियों का साथ देना सही समझा। भारत-पाकिस्तान के डायरेक्टर जनरल मिलिट्री ऑपरेशंस के बीच शाम 5 बजे बात हुई। भारतीय सेना ने बताया कि डीजीएमओ की बातचीत में भारत और पाकिस्तान दोनों ने इस बात पर प्रतिबद्धता जताई कि दोनों तरफ से एक भी गोली नहीं चलाई जाएगी।

शनिवार रात करीब 9.30 बजे जम्मू-कश्मीर के सांबा में ड्रोन दिखे, जिन्हें भारतीय एयर डिफेंस ने मार गिराया। वहीं, पंजाब के होशियारपुर में धमाके सुनाई दिए। पूरे जिले में ब्लैकआउट कर दिया गया। जालंधर में भी ड्रोन दिखे।

7 मई को ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत से अब तक पाकिस्तानी गोलाबारी में 5 आर्मी और 2 बीएसएफ के जवान शहीद हो चुके हैं, 60 घायल हैं। इसके अलावा 27 सिविलियंस की भी जान गई है।




## बीकानेर-बाड़मेर में रही तेज गर्मी, आज 21 शहरों में आंधी-बरसात का अलर्ट

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर।** राजस्थान में सोमवार शाम अचानक मौसम पलट गया। जयपुर समेत कई जिलों में तेज बारिश शुरू हो गई। सीकर और अजमेर के केकड़ी में बरसात के साथ ओले गिरे। अलवर, टोंक, भीलवाड़ा, झुंझुनूं, हनुमानगढ़ में भी कुछ जगहों पर हल्की बारिश और बूंदाबांदी हुई।

वहीं, राजस्थान के कई शहरों में सोमवार को भी गर्मी तेज रही। श्रीगंगानगर, चूरू, बीकानेर, जैसलमेर और बाड़मेर में अधिकतम तापमान 41 से 43 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ ।मौसम विभाग ने मंगलवार को राज्य के 21 जिलों में आंधी-बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, 15 मई से राज्य के उत्तर-पश्चिमी जिलों में हीटवेव का येलो अलर्ट जारी किया है।

### दिन में गर्मी, शाम को बारिश

टोंक, अजमेर, हनुमानगढ़, नागौर, सीकर, जयपुर समेत कई शहरों में सोमवार सुबह से दोपहर तक तेज गर्मी रही। इन शहरों में शाम को आसमान में बादल छाने के साथ कुछ जगह धूलभरी हवा चली। नागौर, झुंझुनूं शहर में 0 .5 एमएम और हनुमानगढ़ में 1 एमएम बारिश दर्ज हुई।

### बाड़मेर-बीकानेर में रहा सबसे ज्यादा तापमान

राज्य में सोमवार सबसे ज्यादा तापमान बीकानेर में 42 .5 और बाड़मेर में 42 .4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इन दोनों ही शहरों में दोपहर तक तेज गर्मी रही। कुछ जगह गर्म हवा चली। बीकानेर में दोपहर बाद मौसम में हल्का बदलाव हुआ और आसमान में बादल छाए। जैसलमेर में आज अधिकतम तापमान 42 .1, चूरू में 41 .5, श्रीगंगानगर में 41 .3, पिलानी में 40 .5 और जोधपुर में 39 .8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में अधिकतम तापमान 40 .1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दिन में तेज गर्मी के साथ गर्म हवा चली। लेकिन, शाम होने के साथ जयपुर के ग्रामीण इलाकों में बादल छाए और कुछ जगह धूलभरी हवा चली।

### 15 से शुरू होगा हीटवेव का दौर

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार, राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर 13 मई तक रहेगा। 14 मई को राज्य में मौसम साफ रहेगा। कहीं आंधी-बारिश की कोई संभावना नहीं है। पश्चिमी राजस्थान के शहरों में 14 मई तक तापमान 44 या 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। 15 मई से राज्य में



हीटवेव का दौर शुरू होगा। 15-16 मई को बाड़मेर और श्रीगंगानगर में हीटवेव चलने का येलो अलर्ट जारी किया है।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# बीसलपुर बांध में गाद निकालने की आड़ में बनास नदी से अवैध बजरी खनन चरम पर

**डंपरों में भरकर प्रतिदिन सैकड़ों टन बजरी की निकासी,**

**ग्रामीणों ने प्रशासन और पुलिस पर मिलीभगत का लगाया आरोप**

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** इन दिनों उपखंड क्षेत्र के बीसलपुर बांध के जल भराव क्षेत्र से गाद निकाले जाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इसी के साथ गाद निकालने की आड़ में बनास नदी के पानी में से अवैध तौर पर सैकड़ों टन बजरी प्रतिदिन निकाली जा रही है । इस पर मामला यह सामने आया कि बीसलपुर बांध के नापा खेड़ा बोयडा गणेश जी क्षेत्र में बांध जल के पेटे से बड़ी बड़ी मशीनों के जरिये अवैध रूप से भारी मात्रा मे बनास नदी से बजरी निकाली जा रही है। जिसे बड़ी-बड़ी मोटर बोट में भरकर नदी किनारे स्थल पर पहुंचाई जा रही ।

ऐसे मे उक्त स्थान पर बनास बजरी के बड़े पैमाने में स्टॉक किए हुए हैं यह आरोप ग्रामीणों का है। तो वही ऐसे हालातो को साफ तौर पर देखे जा सकता



बीसलपुर बांध के केसमेंट एरिया बोयडा गणेश जी नापाखेड़ा क्षेत्र की बनास नदी से मशीनों के जरिए बजरी निकालते हुए।

हैं ऐसे हालातो पर क्षेत्र वासियों का मानना है कि उक्त हालातो की जानकारी संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को बखूबी प्राप्त है इसके बावजूद जिम्मेदार खनिज विभाग के अधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं। इधर क्षेत्र वासियों का मानना है कि यह अवैध कार्य पुलिस और संबंधित खनिज विभाग के अधिकारियों के मिली भगत से चल रहा है। जानकारी के अनुसार इन दिनों बीसलपुर बांध के जल भराव पेठे से गाद हटाने के कार्य में भारी भरकम मशीनरियो का इस्तेमाल किया जा रहा है।

इन्हीं मशीनों के जरिए पानी से गाद हटाने के साथ-साथ भारी मात्रा में बनास की बजरी भी निकाली जा रही है। जिसे कंपनी के कर्मचारी बड़ी-बड़ी मोटर बोट में भरकर किनारे पहुंचा रहे हैं । यहां सुख स्थल पर अवैध बजरी के स्टॉक लगे हुए सांप तौर पर दिखाई दे रहे हैं। इन्हीं बजरी के स्टॉक से प्रतिदिन दर्जनों डंपर बजरी से भरे हुए परिवहन हो रहे हैं। तो वही जानकारी यह भी सामने आई है की बीसलपुर बांध के भराव क्षेत्र एवं केंचमेंट एरिया तक बनास नदी के तल से गाद (कीचड़) को बाहर निकालने का कार्य एन जी गदिया नामक कम्पनी कर रही हैं । ऐसे में यह साफ तौर पर जाहिर होता है कि कंपनी के कर्मचारियों की आंखों के सामने,बनास नदी से भारी मात्रा में अवैध तौर पर बजरी निकल रही है ।

जानकारी के अनुसार इन दिनों एन जी गदिया कंपनी ने इस कार्य मे बड़े-बड़े ट्रिगर मशीन, हाइड्रोलिक वाटर पंप एवं पानी में तैरता हुआ प्लेटफार्म जैसी बड़ी बड़ी मोटर बोट मशीनरिया लगाकर पानी के तले से गाद,निकलने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है ऐसे में उक्त ग्रामीण क्षेत्र वासियों का मानना है कि कंपनी पानी से गाद निकालने के साथ-साथ भारी मात्रा में बजरी भी निकाल रही है। ऐसे में इस और खनिज विभाग के अधिकारी और पुलिस बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे है। जानकारी के अनुसार यह है क्षेत्र हनुमान नगर थाना पुलिस के अधिकार में आता है। ऐसे में यहां से प्रतिदिन दर्जनों बड़े-बड़े वाहन डंपर बजरी भरकर कोटा अजमेर रोड पर से गुजर रहे हैं ।

यह हालत नापाखेड़ा पुलिया के करीब सावर (अजमेर) कोटा,रोड पर साफ तौर से देखा जा सकता है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या खनिज विभाग के प्रशासनिक अधिकारियों और क्षेत्रीय पुलिस को ऐसे हालात की जानकारी नहीं है। यह बात उक्त क्षेत्र के ग्रामीणों को बीच चर्चा का विषय बना हुआ है । कि यहां अवैध तौर पर भारी मात्रा में बनास नदी से मशीनों के जरिए धड़ल्ले से बजरी निकालकर स्टॉक किये जा रहे हैं ।

## सम्राट पृथ्वीराज चौहान जयंती 24 मई को हर्षोल्लास के साथ मनाई जायेगी, 618 ग्राम केंद्र पर ग्रामोत्सव सम्पन्न होगें

**विभिन्न खेल प्रतियोगितायें आयोजित होगी, जिला स्तरीय डे-नाईट क्रिकेट प्रतियोगिता भी होगी**




बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** सम्राट पृथ्वीराज चौहान जन्मोत्सव समारोह समिति द्वारा सम्राट की जयंती ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष की द्वादशी तिथि 24 मई को आगामी होने वाले विविध कार्यक्रमों के लिए पखवाड़े का शुभारंभ होगा।

जयंती के शुभ अवसर पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर आशापुरा माता धाम में सोमवार को एक बड़ी बैठक आहूत की गई जिसके मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री उमाशंकर, जिला संघचालक गोविन्द सिंह, अध्यक्षता ब्यावर परियोजना लक्ष्मीनारायण, विवाह समिति अध्यक्ष नेम सिंह चौहान, समिति संयोजक शक्ति सिंह रावत केसरपुरा एवं विहिप जिलाध्यक्ष सुरेश वैष्णव, के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुई।

बैठक में बदनोर, जवाजा, भीम, देवगढ़, रायपुर, जैतारण, ब्यावर ग्रामीण खण्ड, नगर खण्ड, मसूदा, बिजयनगर, पीसांगन, पुष्कर, नसीराबाद, तहसीलों के विभिन्न संगठनों के दायित्व कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी सम्मलित हुए। बैठक में प्रचार सामग्री वितरण कर आगामी कार्यक्रम को लेकर जानकारी देते हुए ब्यावर परियोजना सहप्रमुख पृथ्वी सिंह भोजपुरा ने बताया कि 24 मई से प्रारम्भ होने वाले पखवाड़े के अंतर्गत 618 ग्राम केंद्र पर ग्रामोत्सव एवं 34 बड़े उत्सव की योजना बनी हैं जिसके अंतर्गत सम्राट का जीवन संदेश घर-घर तक पहुंच जाएगा।

इस अवसर पर चीता मेहरात हिन्दू महासभा मेरवाड़ा महासभा के पूर्व अध्यक्ष प्रफुल्ल काठात बोरवा, केंद्रीय नवयुवक मंडल सूरज प्रताप सिंह चौहान, भीम प्रधान विरम सिंह चौहान, जवाजा खण्ड अध्यक्ष कैप्टन सोहन लाल राव, ब्यावर अध्यक्ष राम सिंह चौहान बलाड़, नगर खंड विहिप जिला मंत्री गणपत बालोटिया, पूरन सिंह राजियावास, महेंद्र यादव, पदमा सोनी, ललिता बल्दवा, राजेश्वरी यादव, बजरंग दल जिला सहसंयोजक महेन्द्र पंवार, पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मप्रसार चिमन सिंह नाहरपुरा, परियोजना विधि प्रमुख सतीश व्यास मसूदा, चौहान सहित प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पंचायती राज संस्थाओं के उप निर्वाचन प्रत्याहरित

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 12 मई को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा वर्तमान परिस्थितियों को मद्देनजर एवं जन धन को किसी प्रकार की क्षति एवं नुकसान नहीं पहुंचे। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायती राज संस्थाओं में एक जून 2024 से 31 दिसम्बर 2024 तक विभिन्न कारणों से रिक्त अजमेर के एक पंचायत समिति सदस्य एवं 3 वार्ड पंच के पदों पर उप निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा की गई थी।

## भाजपा ग्रामीण मंडल में नई नियुक्तिः कुमावत को महामंत्री बनाए जाने पर ग्रामीणों ने किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** आमेट उपखंड स्थित भगवानपुरा गांव में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्रसिंह राठौड़ और नवनियुक्त भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री चुत्रीलाल कुमावत का स्वागत किया ग्रामीणों ने चुन्नीलाल कुमावत को महामंत्री पद पर नियुक्त होने पर साफा, उपरणा और माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों ने विधायक राठौड़ को गांव की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने इन समस्याओं का एक माह के भीतर समाधान करने का आश्वासन दिया।विधायक राठौड़ ने आगामी पंचायत चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को जीत दिलाना उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि छोटे कार्यकर्ताओं की भूमिका संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण होती है।

## ऐश्वर्या कॉलेज का 29वा स्थापना दिवस एवं पांच दिवसीय अभिव्यक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** ऐश्वर्या कॉलेज में अपने 29वें स्थापना दिवस के अवसर पर ऐश्वर्या नाट्य विभाग द्वारा आयोजित पांच दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव अभिव्यक्तिका समापन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। अतिथि के रूप में रिटायर्ड डीआईजी जेल, प्रीता भार्गव और समाजसेवी दीपक सुखाडिया उपस्थित रहे।

समापन समारोह में शहर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विजेताओं को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ग्रुप डांस बैले प्रतियोगिता रही, जिसमें पौराणिक प्रस्तुतियाँ दी गई। जिसमें विजेता के रूप में विजन एकेडमी स्कूल तथा उपविजेता के रूप में ए-वन स्कूल रहा। विजेता टीम को 11000 रुपए का नकद पुरस्कार तथा उपविजेता टीम को 5000 रुपये एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। साथ ही ग्रुप डांस बैले के लिए स्कॉलर्स एरेना ,आर के पुरम ब्रांच को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर अतिथि प्रीता भार्गव ने कहा कि आप सभी विद्यार्थियों की प्रतिभा और उत्साह को देखकर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। आपकी प्रस्तुतियों ने मुझे मंत्रमुग्ध कर दिया है। अतिथियों द्वारा श्रेष्ठ प्रस्तुतियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए।

प्रिंसिपल डॉ. रितु पालीवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में शहर के 45 शैक्षणिक संस्थानों के 600 से अधिक विद्यार्थी सम्मिलित हुए। उन्होंने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन भाविनी राठौर और प्रांजल मोगरा ने किया। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इसके साथ ही खुशी व उल्लास के साथ पांच दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव अभिव्यक्ति का समापन समारोह संपन्न हुआ।

**शुद्ध आहार - मिलावट पर वार अभियान के तहत जिला प्रशासन की बड़ी कार्यवाही**

# अनमोल एग्रो फैक्ट्री पर बड़ी कार्वाई, 1050 लीटर नकली तेल सीज, विभिन्न ब्राण्डों के बना रहा था नकली तेल

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान सरकार की शुद्ध आहार - मिलावट पर वार योजना के अंतर्गत जिले में खाद्य मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला कलक्टर डॉ. महेन्द्र खडगावत एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर मोहनलाल खटनावलिया के निर्देशानुसार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत के नेतृत्व में गठित खाद्य सुरक्षा टीम ने अनमोल एग्रो फैक्ट्री पर बड़ी कार्यवाही की।

यह फैक्ट्री, जिसका संचालन संजय मंगरोला एवं प्रकाश चन्द मंगरोला द्वारा किया जा रहा है, में कई नामचीन ब्राण्डों — सोना सिक्का, महाकोश, सुपर पोस्टमैन, स्वास्तिक, महालक्ष्मी, फॉरच्यून, चम्बल, पार्वती पोस्टमेन व गुलाब तेल — की पैकिंग सामग्री पाई गई। प्रारंभिक जांच में



पता चला कि इन ब्राण्डों के नकली उत्पाद तैयार कर बाजार में आपूर्ति की जा रही थी। इस गंभीर अनियमितता की सूचना संबंधित ब्राण्ड कंपनियों को दे दी गई है।

टीम द्वारा मौके से नकली सरसों तेल के सैम्पल लिए गए एवं 1050 लीटर तेल को सीज किया गया। जांच के दौरान फैक्ट्री का कोई मालिक उपस्थित नहीं पाया गया। जब जांच दल ने श्री संजय मंगरोला से सम्पर्क करने का प्रयास किया, तो उन्होंने फोन बंद कर लिया और किसी प्रकार का सहयोग नहीं किया। जब टीम ने पैक किए गए तेल के क्रय बिल मांगे, तो वह भी उपलब्ध नहीं कराए गए।

सभी सैम्पल अजमेर स्थित अधिकृत प्रयोगशाला को जांच हेतु भेजे गए हैं। प्रयोगशाला की रिपोर्ट यदि असंतोषजनक पाई जाती है, तो दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नारायण सिंह, अब्दुल सदीक (डीएसओ ब्यावर), ओमप्रकाश (एएसआई), विद्या (महिला हैड कांस्टेबल) व रामदयाल (कांस्टेबल ब्यावर) शामिल रहे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी नारायण सिंह ने मीडिया को जानकारी दी कि खाद्य शुद्धता अभियान के अंतर्गत आगामी चरणों में होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई की दुकानें व कैफे भी जांच के दायरे में आएंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**संभावित नुकसान और जनहित में चेतावनी**

इस प्रकार के नकली खाद्य उत्पाद आमजन के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक सिद्ध हो सकते हैं। नकली या मिलावटी तेल से पेट, लिवर व हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे खाद्य सामग्री खरीदते समय सतर्कता बरतें, और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें।

## सिविल डिफेंस स्वयंसेवक के लिए नामांकनः युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के तहत युवा कर सकते हैं माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद में सिविल डिफेंस स्वयं सेवक के लिए युवा अपना पंजीकरण कर सकते हैं। नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी हेमन्त मथुरिया के अनुसार पंजीकरण के लिए माय भारत पोर्टल https://mybharat.gov.in के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। माय भारत उत्साही युवा नागरिकों से आगे आने और माय भारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में पंजीकरण करने की अपील करता है यह राष्ट्रव्यापी आह्वान राष्ट्रीय उद्देश्यों, विशेष रूप से आपात स्थितियों और संकटों के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए युवा नागरिकों को सशक्त बनाने का प्रयास है। इस पहल का उद्देश्य एक प्रशिक्षित, उत्तरदायी और लचीला स्वयंसेवक बल का निर्माण करना है जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों और अन्य अप्रत्याशित स्थितियों के समय नागरिक प्रशासन का पूरक बन सके।

## 8 दिवसीय धार्मिक नैतिक संस्कार शिविर 18 से

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** श्री जैनाचार्य देवेंद्र महिला संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अर्थ दिवस से धार्मिक नैतिक संस्कार शिविर 18 से देवेंद्र धाम में आयोजित किया जाएगा।

संस्थान अध्यक्ष संध्या नाहर ने बताया कि इस शिविर में भाग लेने वाले शिविरार्थियों को योग ध्यान सामाजिक सूत्र प्रतिक्रमण भक्तांबर 24 सितंबर के नाम कहानी लेख, धार्मिक, खेल, नाटक, रंगोली, पेपर क्राफ्ट, एंब्रॉयडरी, ज्वेलरी, ड्राइंग, फ्लावर पॉट, आइसक्रीम स्टिक के अन्य उपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वर्क, भजन, गीत, स्वास्थ्य जांच, वार्ताएं आयोजित की जाएगी। महामंत्री इंदिरा चौरडिया ने बताया कि शिविर में 6 वर्ष से लेकर 14 वर्ष तक की आयु के बालक बालिकाएं भाग ले सकते हैं। समापन 25 मई को होगा। शिविर के फॉर्म 13 तारीख से 17 तारीख तक सुबह 9 से 11 देवेंद्र धाम स्कूल से प्राप्त किया जा सकते हैं तथा बाद में देवेंद्र धाम की ऑफिस से ऑफिस से भी प्राप्त किया जा सकते हैं।

## कुंभलगढ़ में बारिश से मौसम हुआ सुहावना

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** सोमवार को दोपहर बाद कुंभलगढ़ क्षेत्र में मौसम अचानक बदल गया। शाम 3 बजे के बाद आसमान में बादलों की गरज के साथ बारिश शुरू हुई। बारिश करीब एक घंटे तक जारी रही बारिश के कारण केलवाड़ा मजेरा, ओलादर, लखमावतो का गुड़ा और कुचोली ओड़ा में सड़कों पर पानी भर गया। किले के आसपास के क्षेत्र में भी तेज बारिश दर्ज की गई।

# मोक्ष कल्याणक महोत्सव के साथ ही तीन दिवसीय पंचकल्याणक महोत्सव सम्पन्न

**पुण्य सागर महाराज आचार्यश्री की उपाधि से अलंकृत**

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** नवनिर्मित देवाधिदेव 1008 श्री शांतिनाथ जिनालय के तीन दिवसीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य समापन सोमवार को मुनि पुण्य सागर महाराज के पावन सानिध्य में मोक्ष कल्याण के साथ प्रातः कालीन बेला मे विविध धार्मिक एवं मांगलिक आयोजनों के साथ हुआ। साथ ही सकल दिगंबर जैन समाज की उपस्थिति में मुनि पुण्य सागर महाराज को आचार्यश्री की उपाधि से अलंकृत किया गया।

आयोजन समिति के सदस्य सुधीर कुमार जैन ने बताया कि पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतिम दिन भव्य मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया। इस दौरान शांतिनाथ भगवान के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा, साथ ही सकल दिगंबर जैन समाज की मौजूदगी में विधि विधान के साथ भगवान को



निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया। इससे पूर्व प्रातःकालीन वेला में प्रातः 5.30 बजे जाप्यानुष्ठान, 6. बजे अभिषेक, शांतिधारा, नित्य नियम पूजन तप एवं ज्ञान कल्याणक पूजन हुआ। 7.30 बजे निर्वाण कल्याणक दृश्य, सिद्ध गुणानुरोपण, मोक्ष कल्याणक पूजन पंडित के सानिध्य में विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। प्रातः 10 बजे भगवान को निर्वाण लड्डू अर्पण, विश्व शांति महायज्ञ, मुनि श्री के आशीर्वचन हुए। इसके बाद भव्य शोभायात्रा निकल गई जो मंदिर से प्रारंभ होकर सेक्टर 9 के विभिन्न क्षेत्रों में होती हुई पुनः मंदिर पहुंची।

जैन ने बताया कि मध्याह्न 12 बजे जिनबिम्ब स्थापना का महोत्सव संपन्न हुआ। जिसमें समाज जनों में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

**चातुर्मास के लिए विनती:** सकल दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष शांतिलाल वेलावत के नेतृत्व में संपूर्ण दिगंबर जैन समाज, सभी समाजों के अध्यक्षों, संपूर्ण महिला मंडल एवं सभी मंदिरों के अध्यक्षों के साथ सकल दिगंबर जैन समाज की मौजूदगी में मुनि श्री पुण्य सागरसागर महाराज के श्री चरणों में विनती एवं श्रीफल अर्पित कर चातुर्मास 2025 का भव्य आयोजन हिरण मगरी सेक्टर 11 में करने की विनती की। इस दौरान वेलावत ने मंच से चातुर्मास के लिए संपूर्ण सकल दिगंबर जैन समाज के मन की भावनाएं गुरुदेव के समक्ष जाहिर की। साथ ही उन्होंने उन भावनाओं का वाचन भी किया। राजेश देवड़ा ने मुनिश्री पुण्यसागरजी महाराज का जीवन वृतांत सुनाया।

**मुनीश्री पुण्य सागर जी को मिला आचार्य पद-**

हिरण मगरी सेक्टर 9 में आयोजित पंच कल्याण महोत्सव के अंतिम दिन सकल दिगंबर जैन समाज ने पूर्ण हर्ष उल्लास एवं उत्साह के साथ मुनि श्री पुण्य सागर महाराज को आचार्य पद से अलंकृत किया। सकल दिगंबर जैन समाज की ओर से सकल दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष शांतिलाल वेलावत ने जब मुनि श्री पुण्य सागर महाराज को मंच से आचार्य पद से अलंकृत करने का उद्घोष किया तो संपूर्ण पांडाल गुरुदेव के जयकारों और नमोस्तु गुरुदेव नमोस्तु गुरुदेव से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

# सर्व समाज सहायता टीम ने विन वाप-भाई की बच्चियों की शादी में किया सहयोग



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** सैंगरपुरा गाँव मे सर्व समाज सहायता टीम के द्वारा विन बाप-भाई की बच्चियों की शादी में किया कन्यादान । सर्व समाज सहायता टीम करौली के सदस्य करतार सिंह चौधरी धंधावली ने बताया कि जैसे ही सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना मिली कि गांव सैंगरपुरा कुआंय निवासी स्व ओमी जाटव की तीन बच्चियों की शादी है तो टीम कि ओर से कन्यादान के लिए सहयोग राशि से सारा सामान दिया गया। बच्चियों के पिता की 7 वर्ष पूर्व मृत्यु हो गई थी और बच्चियों का कोई भाई भी नहीं है इस परिवार का पालन पोषण विधवा मां और दादी कर रही है । टीम के द्वारा शादी में 2 बैड, 2 बैडसीट, 4 तखिया, 2 आलमारी, 2 ड्रेसिंग टेबल, 1 फ्रीज, 2 कूलर, 2 एलईडी, 2 बक्सा, 2 गद्दा, 1 टेविल , 4 कुर्सी, 2 प्रेस, 2 चौकी, 1 विलोनी मशीन, 1 मिक्सी, 1 सिलाई मशीन , 1 गैस चूला और सभी वर्तन दिए गए। टीम विगत तीन वर्ष से सहयोग करती आ रही है टीम के द्वारा पूर्व में भी 9 विन मां-बाप की बच्चियों की शादी में भी सामान दिया गया और तीन अग्नि पीड़ित परिवार को भी सहायता राशि और चार अनाथ बच्चों के लिए एक पक्का मकान बनाया गया है। इस अवसर पर राजवीर चौधरी, नरेश सोलंकी, सानू सोलंकी, गोपाल जाटव फौजी, गुट्टीराम जाटव, संतोष जाटव , मगन, सियाराम, पिन्टू जाटव, हाकिम, शेर सिंह, राम लाल, हंसराज, गौरव जाट आदि मौजूद रहे।

# राज्य स्तर पर निकाली ऑनलाईन लॉटरी, कोटा के किसान गोलू को मिला 2 लाख 50 हजार रूपये का प्रथम पुरस्कार

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर।** कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के शासन सचिव राजन विशाल की अध्यक्षता में सोमवार को पंत कृषि भवन में कृषक उपहार योजना के तहत कृषि विपणन विभाग द्वारा राज किसान पोर्टल पर राज्य स्तरीय ऑन-लाईन लॉटरी निकाली गई।

योजना के तहत कृषि उपज मण्डी, कोटा से जुड़े किसान गोलू के 2 लाख 50 हजार रूपये का प्रथम पुरस्कार, हनुमानगढ मण्डी के किसान ओम प्रकाश के 1 लाख 50 हजार रूपये का द्वितीय पुरस्कार और कोटा कृषि उपज मंडी मण्डी के किसान रामभरोस के नाम 1 लाख रूपये का तृतीय पुरस्कार निकला। योजना में विजेता किसान को पुरस्कार राशि का भुगतान सम्बन्धित मण्डी समिति से किया जाता है। मण्डी उक्त भुगतान राशि का पुनर्भरण राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड से प्राप्त करती है। उल्लेखनीय है कि कृषि विभाग द्वारा कृषि उपज को ई-नाम के माध्यम से बेचने तथा ई-पेमेन्ट के माध्यम से भुगतान प्राप्त करने के लिए प्रेरित करने एवं किसानों को उनकी उपज का अधिकाधिक लाभ दिलाने के उद्देश्य से कृषक उपहार योजना लागू की गई है। योजना के तहत पुरस्कार मण्डी स्तर पर प्रत्येक 6 महीने में गेट पास की विक्रय पर्चियों तथा ई-पेमेन्ट की विक्रय पर्चियों के आधार पर प्रथम पुरस्कार में 25 हजार, द्वितीय 15 हजार और तृतीय 10 हजार रूपये के ईनाम दिये जाते है।

खण्ड स्तर पर प्रत्येक 6 महीने में 50 हजार रूपये, 30 हजार रूपये और 20 हजार रूपये क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार के तौर पर दिये जाते हैं। साथ ही राज्य स्तर पर वर्ष में एक बार प्रथम पुरस्कार 2 लाख 50 हजार, द्वितीय पुरस्कार 1 लाख 50 हजार और तृतीय पुरस्कार 1 लाख रूपये के रूप में दिये जाते है। लॉटरी में कृषि विपणन के निदेशक राजेश कुमार चौहान, अतिरिक्त निदेशक रविन्द्र कुमार शर्मा, प्रभारी योजना प्रमोद कुमार सत्या सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## जुल्म के खिलाफ आवाज बनीं चमन कंवर, 571 पीड़ित महिलाओं को दिलाया इंसाफ

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर। ( बाबू अंसारी )।** 'इंसाफ की लड़ाई मेरी पूजा है, और पीड़ित महिलाओं की मुस्कान मेरा इनाम' यह शब्द हैं अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन की राष्ट्रीय प्रभारी चमन कंवर के, जिन्होंने देशभर में 571 पीड़ित महिलाओं को न सिर्फ़ न्याय दिलाया, बल्कि समाज में एक नई मिसाल भी पेश की। चमन कंवर का कहना है कि अत्याचार झेल रही महिलाओं के लिए खड़े होना ही उनका मक़सद है। इनमें से करीब 70 प्रतिशत मामले मुस्लिम महिलाओं से जुड़े रहे, जिनमें ज़्यादातर को पति की दूसरी या तीसरी शादी का शिकार होना पड़ा। उन्होंने बताया कि 480 से ज़्यादा महिलाओं ने इसी वजह से मदद मांगी। वहीं 91 मामलों में तलाकशुदा महिलाओं को न्यायिक मुआवज़ा दिलाया गया और 150 से अधिक मामलों में बच्चों की कस्टडी के लिए कोर्ट में मुक़दमे लड़े गए। राजस्थान से शुरू हुई उनकी लड़ाई अब उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली और मध्य प्रदेश तक पहुँच चुकी है। हर जिले में संगठन के कार्यकर्ता महिलाओं की समस्याएं सीधे संबंधित विभाग तक पहुंचाते हैं। चमन कंवर कहती हैं, 'जब तक किसी महिला के साथ अन्याय होगा, मेरी लड़ाई जारी रहेगी।' उनकी निडरता और समर्पण उन्हें महिलाओं के बीच मसीहा के रूप में स्थापित करता है। आज जब देश महिला सशक्तिकरण की बात करता है, तब चमन कंवर जैसे लोग उस सोच को ज़मीन पर उतारते हैं।

## सात दिवसीय रक्तदान शिविर शुरू



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स )।** किसी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता हो तो उन्हें आसानी से रक्त उपलब्ध हो जाए इसी को ध्यान में रखते हुए फुलेरा ब्लड सेंटर पर सात दिवसीय रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात नगर के युवाओं ओर मातृ शक्तियों ने स्वेच्छा से ब्लड सेंटर में आकर रक्तदान किया। भामाशाह डॉ.गोविंद सिंह राठौड़ ने बताया कि पूर्व में ब्लड के लिए जयपुर चक्कर लगाने पड़ते थे। अब यहां आसानी से ब्लड उपलब्ध हो जाता हैं। उन्होंने आमजन से रक्तदान में भाग लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर निःशुल्क ब्लड सप्लाई का भी शुभारंभ किया गया अर्थात जिस किसी को भी रक्त की आवश्यकता हो तो वह कार्ड दिखाकर निःशुल्क रक्त ले जा सकता है। उनसे कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। विशाल सिंह राजपूत ने सात दिवसीय रक्तदान शिविर को सफल बनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर धर्मेंद्र शर्मा, विशाल सिंह राजपूत, अंशु कुमावत, विजय कुमावत आदि मौजूद रहें।

## राजस्थान को मॉडल ऑर्गेनिक राज्य बनाने हेतु राजस्थान के राज्यपाल को सौंपा गया ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक 'डॉ. अतुल गुप्ता' और अखिल भारतीय जैविक महिला किसान उत्पादक संघ की संरक्षक 'श्रीमती मोनिका गुप्ता' ने राजस्थान के माननीय राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े से राजभवन, जयपुर में मुलाकात की। इस अवसर पर, उन्होंने राजस्थान में 'गोबर खरीद योजना' लागू करने, 'विशेष राज्य का दर्जा' प्रदान करने, और 'नेशनल मिशन फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर' व 'प्राकृतिक खेती' के तहत राजस्थान को 'मॉडल ऑर्गेनिक राज्य' बनाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक 'ज्ञापन' सौंपा।

## एसएमएस से पता लगेगा, आरजीएचएस में कितनी राशि का बिल बना

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** वित्त विभाग ने राज्य में आरजीएचएस योजना में दावों के सम्बन्ध में विभिन्न प्रकार की जाँचों व अंकेक्षण का कार्य किया है। इस जांच में खुलासा हुआ है कि कई प्रकरणों में राजकीय कार्मिक/पेंशनर्स/ उनके लाभार्थी परिजनों को यह सूचना नहीं थी कि उनके आरजीएचएस कार्ड के माध्यम से वे कितना लाभ प्राप्त कर चुके हैं और कई मामलों में बिना लाभ प्राप्त किये ही उनके कार्ड के माध्यम से भुगतान दिखा दिया गया। समस्या की गहनता को देखते हुए इस सम्बन्ध में जांच और फीडबैक में पाया गया कि फार्मेसी से ली जाने वाली दवाइयों के सम्बन्ध में तो एक एसएमएस पूर्व में जाता था जिसमें दवाईयों पर होने वाले खर्च की राशि बताई जाती थी परन्तु यह एसएमएस आईपीडी/ओपीडी/डे केयर दावों के सम्बन्ध में नहीं था। अब सिस्टम में संशोधन करते हुए व्यवस्था की गई है कि लाभार्थी को अस्पताल/चिकित्सक के माध्यम से प्राप्त होने वाली आईपीडी/ओपीडी की दावे की राशि का पता लग सके।

इस सम्बन्ध में शासन सचिव वित्त (व्यय) विभाग श्री नवीन जैन ने बताया कि अब इस नई व्यवस्था से दोहरा फायदा होगा। पहला फायदा यह होगा कि राशि देखकर लाभार्थी अतिरिक्त बिलिंग की जानकारी के आधार पर निर्णय ले सकता है, साथ ही अस्पताल अब इलाज व दवा की राशि को बढ़ा-चढ़ाकर दावा प्रस्तुत नहीं कर पायेंगे। गत दो माह से एआई तकनीक के माध्यम से लगातार आरजीएचएस सिस्टम को सुधारने का कार्य हो रहा है और इसी फीडबैक के आधार पर यह एसएमएस सुविधा प्रारम्भ की गई है।

## राजकीय विद्यालयों की प्राथमिक कक्षाओं के लिए शिक्षा मंत्री ने दिए स्मार्ट एवं सम्पर्क टीवी डिवाइस

बढ़ता राजस्थान




**चाकसू ( गिरिराज प्रसाद शर्मा )।** शिक्षा मंत्री आवास सिविल लाइन 18 पर जयपुर जिले के 45 विद्यालयों को सम्पर्क टीवी एवं डिवाइस वितरण का आयोजन किया गया इनमें चाकसू के 27,जयपुर पश्चिम 12, सांगानेर 6 स्मार्ट टीवी और डिवाइस वितरण किया गया है। संपर्क फाउंडेशन एवं राजस्थान शिक्षा परिषद के संयुक्त तत्वाधान में स्मार्ट स्कूल कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसके तहत जयपुर जिले के 45 विद्यालयों को स्मार्ट टीवी और सम्पर्क टीवी डिवाइस वितरण किया गया। जिसमे प्राथमिक कक्षा 1 से 5 के बच्चों को कक्षा में पुस्तकों के साथ स्मार्ट टीवी डिवाइस शैक्षणिक मैटेरियल गणित अंग्रेजी हिन्दी विषय हेतु खेल खेल में राजकीय शिक्षकों द्वारा अध्यापन करवाया जायेगा।

निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए। कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन एवं बच्चों की लर्निंग गुणवत्ता में सुधार करने के लिए राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के साथ मिलकर राज्य में सम्पर्क स्मार्ट शाला के अंतर्गत विशेष रूप से राजकीय विद्यालयों हेतु कार्य किया जा रहा है। फाउंडेशन के द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 1से 5 के बच्चों हेतु डिजिटल शिक्षण संसाधन उपलब्ध करवाकर बच्चों के साथ क्रियान्वयन किया जा रहा है। ब्लॉक के शिक्षक प्राथमिक कक्षाओं में सभी विषयों के साथ गणित अंग्रेजी हिन्दी विषय में सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है। सम्पर्क टीवी डिवाइस से बच्चों की तार्किक क्षमता का विकास तो होगा ही सही क्रम और सही ढंग से पढ़ना पढ़ाना भी आसान होगा। ब्लाक के सभी सरकारी विद्यालय के लिए गणित अंग्रेजी किट और साउंड बॉक्स आदि शैक्षणिक सामग्री पूर्व में उपलब्ध करवाई गई हैं। मुख्य रूप से पाठ्य पुस्तक शैक्षणिक सामग्री एवं डिजिटल रिसोर्स का उपयोग करके बच्चों की नवाचारी शैक्षणिक क्षमताओं का विकास किया जायेगा।

शिक्षा मंत्री द्वारा फाउंडेशन के द्वारा राजकीय विद्यालयों हेतु राजस्थान के 11 जिलों में निरंतर किए जा रहे प्रयासों हेतु शिक्षा विभाग की और से सम्पर्क के संस्थापक और टीम का आभार प्रकट किया।

क्षेत्रीय प्रबंधक अंकुर शर्मा ने बताया की स्मार्ट शाला में बच्चों को शिक्षण कार्य हेतु दिए कंटेंट एनीमेटेड वीडियो वर्कशीट रोचक प्रॉजेक्ट वर्क प्रश्नोत्तरी ब्रेन शाला नई दिशा हिंदी की रोचक कहानियों एवं कक्षा की पाठ्य पुस्तक से जोड़ा गया है।

## नगरीय विकास मंत्री ने किया भवन विनियम-2025 का शुभारम्भ



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** नगरीय विकास, स्वायत्त शासन एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा 12 मई, 2025 को जेडीए परिसर में भवन विनियम - 2025, राजस्थान आवासन मण्डल की पॉच एवं जेडीए की तीन आवासीय योजनाओं का शुभारम्भ किया गया। खर्रा ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राजस्थान तीव्र गति से विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने आमजन से कहा कि राजस्थान आवासन मण्डल एवं जयपुर विकास प्राधिकरण की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा की यह योजना केवल निर्माण नहीं, बल्कि प्रदेशवासियों को सुरक्षित और सुविधायुक्त जीवन की ओर ले जाने वाला कदम है।

उन्होंने बताया कि सभी योजनाएं समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से विकसित की जाएंगी, ताकि लाभार्थियों को आधुनिक जीवन की समस्त सुविधाएं मिल सकें। इस अवसर पर नगरीय विकास विभाग, जयपुर विकास प्राधिकरण एवं राजस्थान आवासन मण्डल के वरिष्ठ अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, आमजन उपस्थित रहे।

प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग वैभव गालरिया ने कहा कि नगरीय विकास विभाग द्वारा मॉडल राजस्थान भवन विनियम-2025 को विभिन्न राज्यों के भवन विनियमों का अध्ययन कर विचार-विमर्श पश्चात सभी का समावेश करते हुए तैयार किया गया है। इस विनियम के तहत आमजन की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है। साथ ही इस विनियम के लागू होने से हाईराइज बिल्डिंग का निर्माण संभव हो सकेगा। जिससे केंद्र एवं राज्य सरकार की मंशानुरूप आमजन को सस्ती दरों पर मकान उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि जेडीए एवं आरएचबी विभिन्न नवीन योजनाएं लेकर आया है, जिस से यह उम्मीद की जा सकती है की आमजन भारी संख्या में इन योजनाओं की ओर आमजन का रूझान दिखेगा।

नगरीय विकास विभाग के मॉडल राजस्थान भवन विनियम-2025 के तहत प्रचलित भवन विनियम 2020 का पुनरावलोकन कर विभिन्न स्टेकहॉल्डरस् एवं आमजन के सुझावों को समायोजित करते हुए नवीन भवन विनियम-2025 तैयार किये गये हैं। इसी के साथ ही नगरीय क्षेत्रों में यातायात की दृष्टि से व्यावसायिक, चिकित्सा उपयोग के भवनों में आवश्यक पार्किंग में वृद्धि किए जाने का प्रावधान किया गया है।

## आरजीएचएस में गलत भुगतान उठा तो पेंशनर्स को एसएमएस से तत्काल पता लग जाऐगा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** अब पेंशनर्स को आरजीएचएस में उसके कार्ड से होने वाले प्रत्येक भुगतान की जानकारी योजना में रजिस्टर्ड मोबाइल पर एसएमएस से मिलेगीए गलत भुगतान उठा तो वह तत्काल शिकायत दर्ज करवाएगा ताकि जिम्मेदार अस्पताल या दवा की दुकान पर कार्रवाई की जा सके। शिकायत दर्ज नहीं करवाने पर माना जाएगा कि पेंशनर की भी इसमें सहमति है। आरजीएचएस योजना में ऐसे काफी सुधार किए गये हैं। ऐसे सुधार संबंधी कदमों की पेंशनरों को जानकारी देने तथा उनका फीडबैक प्राप्त करने के लिए सोमवार को वित्त विभाग ने वीडियो कांफ्रेन्स का आयोजन किया।

## जन-जन तक पहुंचे राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभः उप मुख्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने सोमवार को पंचायत समिति फागी में उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने सभी विभागों से विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि अधिकारी क्षेत्र के लंबित विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करना एवं स्वच्छ भारत मिशन, स्वामित्व योजना, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य विभागीय फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने विकास अधिकारी फागी से पंचायत समिति फागी में प्रक्रियाधीन कार्यों की जानकारी ली। साथ ही, उन्होंने सहायक अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग से उपखण्ड फागी में चल रहे सड़कों के कार्यों को समय पर पूरा करवाने के निर्देश दिये। सहायक अभियंता विद्युत विभाग से उपखण्ड में बिजली आपूर्ति की रिपोर्ट लेकर 38 स्थगन व अन्य कारणों की वजह से लंबित कृषि कनेक्शनों को आपसी समझाइश से पूरा करने, विद्युत कनेक्शनों से वंचित घरों में कनेक्शन करने एवं पीएम सूर्य घर योजना के बारे में लोगों को जागरूक कर अधिक से अधिक लोगों को सौर ऊर्जा से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

सहायक अभियंता से क्षेत्र में पानी आपूर्ति के बारे में जानकारी लेकर खराब हैंडपंपों को सही करने, कुओं को चालू करने एवं पानी की नियमित आपूर्ति करने के निर्देश दिए।

### जयपुर को हर आपदा से निपटने में सक्षम बना रहा सक्षम जयपुर अभियान

## आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण एवं जागरुकता कार्यशालाओं का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर संचालित किया जा रहा सक्षम जयपुर अभियान जिले को हर आपदा से निपटने में सक्षम बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है।

उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा अमित शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत नागरिक सुरक्षा विभाग की ओर से प्रतिदिन अलग-अलग स्थानों पर संस्थाओं, संगठनों एवं संघों के हजारों सदस्यों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें आमजन को हर आपात परिस्थिति में स्वयं एवं अन्य लोगों के बचाव के लिए बुनियादी प्रशिक्षण दिया जा रहा है साथ ही आपात स्थिति में क्या करें क्या ना करें गाइडलाइन की भी जानकारी प्रदान की जा रही है।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर सोमवार को बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एवं विद्यासागर इंस्टीट्यूट में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण एवं जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद प्रतिभा वर्मा एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर संतोष मीणा की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा विभाग के अनुदेशकों ने आपातकालीन परिस्थितियों के दौरान बचाव एवं उपायों की जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण एवं युद्ध काल के दौरान बचाव के तरीकों से रूबरू करवाया गया। साथ ही ब्लैकआउट के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारियां दी गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान आपातकालीन बचाव पद्धतियों, सीपीआर, बेसिक फायर एवं फायर एक्सटिंग्विशर संचालन अभ्यास भी करवाया गया।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वृत कोटपूतली-बहरोड**

क्रमांक : दिनांक :

**ई-निविदा सूचना संख्या 04-06/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जन स्वा. अभि. विभाग में पंजीकृत संवेदको एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदको जो कि राजस्थान सरकार के समक्ष श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया के तहत आनेंलाईन निविदाएं आंमत्रित की जाती है। निविदा फार्म आनेंलाईन वेबसाइट http://www.eproc.rajasthan.gov.in निर्धारित अवधि में प्रातः 9:00 बजे से सायः 6:00 बजे तक डाउनलोड किये जा सकते है। आनलाईन निविदाएं इसी वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर इच्छुक संवेदको द्वारा निम्न विवरणानुसार निर्धारित अवधि में सांय 6:00 बजे तक जमा कराये जा सकते है। वेबसाईट पर तकनीकि बिड निर्धारित तिथि को प्रातः 11:00 बजे खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर तकनीकि बिड खोली जावेगी। निविदा शुल्कध्धरोहर राषि निविदादाता आनलाईन चालान द्वारा जो कि अधिशाषी अभियंता जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड बहरोड के नाम देय होगी। तथा प्रकिया शुल्क मेनेजिंग डायरेक्टर आरएसआईएल जयपुर के नाम देय होगी इस कार्यालय में निम्न विवरण में अंकित दिनांक 22.05.2025 सायः 06:00 बजे तक आनलाईन चालान के माध्यम से जमा करवाना आवष्यक है। इच्छुक संवेदको को अपने digital Signature certificate (DSC) के माध्यम से वेबसाइट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

| | |
|---|---|
| निविदा की कुल लागत लाखो में | 534.08 (03 कार्य) |
| कुल धरोहर राशि लाखों में | 10.68 लाख (03 कार्य) |
| निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | 02.05.2025 से 22.05.2025 सायं 6:00 बजे तक |
| निविदा तकनीकि बिड खोलने की तिथि व समय | 23.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे |
| एसपीपीपी पर अपलोड का क्रमांक/दिनांक | |

NIB Code : PHE2526A0839
UBN Code : PHE2526WSOB01844
PHE2526WSOB01845
PHE2526WSOB01846

( रामनिवास यादव )
अधीक्षण अभियन्ता
जनस्व वास्थ्य अभियांत्रिकी
विभाग, वृत कोटपूतली-बहरोड़

## सम्पादकीय

# युद्ध जैसे हालात में शांति की बेतुकी बातें

संकट काल में ही किसी राष्ट्र, समाज और व्यक्ति के वास्तविक चरित्र का परिचय मिलता है। भारतीय सेना एवं नेतृत्व ने जिस साहस से पाकिस्तान के दु:साहस एवं आतंकी कुकृत्यों का प्रत्युत्तर दिया, वह न केवल सराहनीय, बल्कि गर्वित करने वाला भी है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष लोगों के मारे जाने से देश का आम जनमानस क्षुब्ध था। उसमें प्रतिशोध का भाव था।

दुनिया जानती है कि पाकिस्तान अपने अस्तित्व के ठीक बाद से ही आतंकवाद का पोषक देश रहा है। भारत ने उसे सबक सिखाने के लिए ही उस पर ऐसा करारा प्रहार किया कि वह बिलबिला कर रह गया। उसने हमारे निर्दोष पर्यटकों को मारा, भारत ने उसके आतंकी ठिकानों को उसके घर में घुसकर ध्वस्त किया। यह तो समय की वह मांग थी, जो हर हाल में पूरी होनी चाहिए थी। हमारी सरकार और सेना ने इसे पूरा किया, जबकि हम जानते हैं कि मुंबई हमले के बाद हमने कैसे कुछ न करने को ही अपनी नीति अपनाई और उसके नतीजे में दब्बू कहलाए।

इसके चलते ही पाकिस्तान का दु:साहस और बढ़ा। शौर्य के अप्रतिम सैन्य अभियान ऑपरेशन सिंदूर में अपने आतंकी अड्डों के तबाह होने से बौखलाए पाकिस्तान ने जब भारत पर ड्रोन हमले शुरू किए तो भारतीय सेना ने उसे बताना शुरू किया कि अब उसकी खैर नहीं। ऐसे ही समय कथित नकली शांतिप्रेमियों एवं उदारवादियों का एक समूह सक्रिय हो उठा। वह शांति का राग अलापने लगा और 'से नो टू वार' की दुहाई देने लगा। वह हमास सरीखी दुष्ट पाकिस्तानी सेना को सबक सिखाने की जरूरत जताने के बजाय भारत को तनाव कम करने की नसीहतें देने में जुट गया। उसे अचानक युद्ध से होने वाली तबाही याद आने लगी।

जो पहलगाम हमले को लेकर भारत सरकार को कुछ बड़ा-कड़ा कदम उठाने के लिए कह रहे थे, वही अचानक संयम की सीख देने लगे। उन्हें पहलगाम के पीड़ित भूलकर पाकिस्तान के आम नागरिक याद आने लगे। ऐसे लोगों की संवेदनाएं सेलेक्टिव क्यों होती हैं? यह स्मरण रहे कि अतीत में भारत ने विदेशी आक्रांताओं अथवा परायों से उतना नुकसान नहीं उठाया, जितना अपनों की किंकर्तव्यविमूढ़ता और विपरीत हालात का डटकर सामना न करने की प्रवृत्ति से। क्या यह सत्य नहीं कि अंग्रेजों ने भारत के विरुद्ध ऐसी कोई लड़ाई नहीं जीती, जिसमें भारतीय सिपाही सम्मिलित नहीं थे?

उन सिपाहियों की तो फिर भी कोई मजबूरी रही होगी, पर आज के हमारे ढोंगी लिबरल तबके के सामने तो कोई मजबूरी नहीं थी। आखिर उसने देशहित को सर्वोपरि क्यों नहीं रखा? सामने खड़े शैतान प्रवृत्ति के दुश्मन को सबक सिखाने के समय शांति की बातें करना एक तरह से सेना का मनोबल कमजोर करना नहीं तो और क्या है? ऐसे तत्वों की समस्या यही है कि जैसे ही आतंकिस्तान यानी पाकिस्तान के विरुद्ध भारत की कड़ी प्रतिक्रिया आती है, तो इन्हें सूक्तियां और शायरी याद आने लगती हैं। इन सुविधावादी लिबरल तत्वों और छद्म शांतिप्रेमियों को कोई समझाए कि वे जिस कथित स्वतंत्रता, उदारता, पंथनिरपेक्षता की डफली बजाते रहते हैं, उसकी छूट भारत में ही है, पाकिस्तान में नहीं। ऐसे कथित लिबरल और मौकापरस्त तत्वों को याद रखा जाना चाहिए और उन्हें बेनकाब करने के साथ उनसे आगे सावधान भी रहना चाहिए।

आम भारतीय इसे भलीभांति समझते हैं। इसीलिए वे संकट के समय सेना, सरकार और नेतृत्व का मनोबल बढ़ाना अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। उन्हें विश्वास रहता है कि सेना और सरकार सभी चुनौतियों से निपटने में सक्षम होगी। इसे हमारी सेना ने साबित भी करके दिखाया। उसने पाकिस्तान के सचमुच पसीने छुड़ा दिए और इसके लिए किसी प्रमाण की जरूरत नहीं। भारतीयों को यह अच्छे से ज्ञात होना चाहिए कि भारत बुद्ध का देश भी है और युद्ध का भी। हम शक्ति के उपासक हैं, क्योंकि साहस मनुष्य के सभी गुणों का वाहक होता है। महाभारत और रामायण वीरता के भी ग्रंथ हैं। गीता का तो एक बड़ा संदेश युद्ध से पलायनोन्मुखी पार्थ को स्वत्व, स्वाभिमान और स्वधर्म की रक्षा के लिए प्रेरित करना है।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 13 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1918 – भारत ने राजस्थान के पोखरण में दो परमाणु परीक्षण किये।
- 1995 – चेल्सी स्मिथ मिस यूनिवर्स 1995 बनीं।
- 1998 – अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने परमाणु परीक्षण के विरोध में भारत के ख़िलाफ़ कड़े प्रतिबंध की घोषणा की, जापान ने भारत को दी जाने वाली सहायता पर रोक लगायी, ट्रिनडाड एवं टोबैगो की सुन्दरी बेंडी फ़िट्ज विलियम मिस यूनिवर्स 1998 बनीं।
- 1999 – जापानी छात्र के नागुयी विश्व की सात सर्वोच्च चोटियों पर चढ़ने वाला दुनिया का सबसे कम उम्र (25 वर्षीय) का पर्वतारोही बना।
- 2000 – मिस इंडिया लारा दत्ता ने साइप्रस में सम्पन्न प्रतियोगिता में मिस यूनीवर्स -2000 का ख़िताब जीता।
- 2003 – रियाद में आत्मघाती हमलों में 29 व्यक्ति मारे गये।
- 2008 – पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के सभी नौ मंत्रियों ने जजों की बहाली के मुद्दे पर इस्तीफ़ा दिया।
- 2010 – भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता इला भट्ट को 2010 के निवानो शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- 2017– दुनियाभर में वॉनाक्राय रैनसमवेयर से 100 से अधिक देश प्रभावित।

### 13 मई को जन्मे व्यक्ति

- 1901 – मथुरा प्रसाद मिश्र वैद्य – स्वतंत्रता सेनानी।
- 1905 – फ़ख़रुद्दीन अली अहमद – भारत के भू. पू. राष्ट्रपति, आपात स्थिति की घोषणा के कारण इनका कार्यकाल काफ़ी अलोकप्रिय रहा।
- 1916 – सच्चिदानंद राउतराय – उड़िया साहित्यकार थे।
- 1917 – असित सेन – हिंदी फ़िल्मों के हास्य अभिनेता थे।
- 1918 – टी. बालासरस्वती – %भरतनाट्यम% की सुप्रसिद्ध नृत्यांगना।
- 1951 – रवि शंकर (आध्यात्मिक गुरु) – संसार भर में श्रद्धेय एक आध्यात्मिक और मानववादी गुरु हैं।
- 1955 – बिशन सिंह चुफाल – भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिज्ञ हैं।
- 1956 – कैलाश विजयवर्गीय – मध्य प्रदेश सरकार में 'भारतीय जनता पार्टी' के राजनेता।
- 1857 – रोनाल्ड रॉस – ब्रिटिश चिकित्सक तथा 'नोबेल पुरस्कार' विजेता थे।

### 13 मई को हुए निधन

- 2021 – इंदु जैन – 'टाइम्स ऑफ इंडिया मीडिया समूह' की चेयरपर्सन थीं।
- 2016 – बाबा हरदेव सिंह – भारत के प्रसिद्ध संत और संत निरंकारी मिशन के आध्यात्मिक गुरु थे।
- 2006 – हेमलता गुप्ता – प्रसिद्ध भारतीय चिकित्सक थीं।
- 2001 – आर. के. नारायण – अंग्रेज़ी में लिखने वाले उत्कृष्ट भारतीय लेखकों में से एक
- 2011 – बादल सरकार – प्रसिद्ध अभिनेता, नाटककार, निर्देशक और इन सबके अतिरिक्त रंगमंच के सिद्धांतकार।

## विशेष आलेख

# शानदार जीत से भारत एशिया की एक बड़ी शक्ति बना



– ललित गर्ग

**भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर जारी तनाव एवं युद्ध की स्थितियों के बीच भारत ने बड़ा ऐलान करते हुए सीज फायर लागू किया। चार दिन चले सैन्य संघर्ष में परिस्थितियां और भी ज्यादा नाजुक हो गई थीं एवं पाकिस्तान की भारी तबाही हुई। दोनों परमाणु सम्पन्न देशों के बीच के बढ़ते तनाव के बीच समझौते के बाद भले ही पाकिस्तान के विनाश का सिलसिला थम गया हो, लेकिन उसकी एक भूल भारी का सबब बन सकता है। क्योंकि भारत ने यह बड़ा फैसले लेते हुए कहा था कि भविष्य में उसकी जमीन पर किसी भी आतंकवादी हमले को भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और उसकी गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा।**

पाकिस्तान की फितरत को देखते हुए भारत सरकार एवं भारतीय सेना अधिक चौकस, सावधान एवं सतर्क रहते हुए संघर्ष-विराम के लिये यदि सहमत हुई है तो उसका स्वागत होना चाहिए। जब भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाकर कड़ा संदेश दे दिया तो संघर्ष विराम को एक समझदारी भरा फैसला ही माना जायेगा। यदि पाकिस्तान ने फिर आतंकवादियों को मदद-हथियार देकर भारत पर हमले करवाये तो उसकी हर हरकत का जवाब पहले से ज्यादा ताकतवर, विनाशकारी एवं विध्वसंक होगा। शनिवार को हुए समझौते के कुछ ही घंटों के बाद सीज़ फायर के अतिक्रमण ने बता दिया कि पाकिस्तान में चुनी हुई सरकार के बजाय सेना ही समांतर रूप से सत्ता चला रही है। जिसे भारत-पाक के बीच शांति पसंद नहीं है। तभी भारत ने स्पष्ट किया है कि पाक के साथ बातचीत राजनीतिक, ईएएम स्तर पर या एनएसए के बजाय सिर्फ डीजीएमओ स्तर पर ही होगी।

पाकिस्तान को परमाणु ठिकानों पर हमले का डर सता रहा था, भय एवं डर की इन स्थितियों के बीच पाकिस्तान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से सहयोग मांगा एवं युद्ध विराम के लिये अपनी सहमति दी, भारत ने अपनी शर्तों पर, पाकिस्तान को झटका देने के बाद इस सीज फायर पर सहमति जताई है तो यह भारत का बडप्पन है, उसकी बड़ी सोच का ही परिचायक है और भारत की कूटनीतिक जीत है। एक बार फिर पाकिस्तान को उसकी जमीन दिखाई गयी है। दुनिया ने भी भारत की सैन्य पराक्रम एवं स्वदेशी हथियारों की ताकत को देखा और समझा है। एक बानगी भर में जब पाकिस्तान ने पुंछ और राजौरी समेत रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया तो जवाबी कार्रवाई करते हुए भारतीय सेना ने भी पाकिस्तानी सेना के कई महत्वपूर्ण अड्डों को तबाह कर दिया। सेना ने रावलपिंडी समेत पाक सेना के 4 एयरबेस नष्ट कर दिए। पाकिस्तान की फतेह मिसाइल को हवा में ही खत्म कर दिया गया। लाहोर एवं करांची सहित पाकिस्तान में अनेक स्थानों पर भारी तबाही से सहम गये पाकिस्तान ने घुटने टेक दिये। भारत ने उसके एयर डिफेंस सिस्टम की धज्जियां उड़ाकर जिस तरह उसके प्रमुख एयरबेस ध्वस्त किए, उसके बाद उसके सामने और अधिक तबाही एवं शर्मिंदगी झेलने के अलावा और कोई चारा नहीं रह गया था।

यह ठीक है कि सैन्य टकराव रोकने की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने की, लेकिन इसका मूल कारण तो भारत का यह संकल्प रहा कि इस बार पाकिस्तान को छोड़ना नहीं है। भारत ने संघर्ष विराम केवल सैन्य टकराव रोकने तक सीमित रखकर कूटनीति एवं राजनीतिक परिपक्वता का ही परिचय दिया है। भारत ने पाकिस्तान को सही रास्ते पर लाने के लिए उसके खिलाफ सिंधु जल समझौते स्थगित करने जैसे जो कठोर फैसले लिए, वे यथावत रहेंगे। ये रहने भी चाहिए, क्योंकि धोखा देना एवं अपनी बात से बदलना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। इस पर यकीन के साथ कुछ कहना कठिन है कि अब वह भारत में आतंक फैलाने से बाज आएगा। उसने और खासकर उसकी सेना ने भारत के प्रति जो नफरत पाल रखी है, उसके दूर होने में संदेह है। भारतीय नेतृत्व को पाकिस्तान के प्रति अपने संदेह से तब तक मुक्त नहीं होना चाहिए, जब तक वह आतंक से तौबा नहीं करता और कश्मीर राग अलापना बंद नहीं करता।

सीजफायर की कहानी 9-10 मई की रात से शुरू होती है, जब पाकिस्तान पर करारा पलटवार करते हुए भारतीय वायुसेना ने पाक सैन्य ठिकानों पर ब्रह्मोस-ए क्रूज मिसाइल दाग दी। इस दौरान रावलपिंडी के नूरखान, चकलाला और पंजाब के सरगोधा एयरबेस को निशाना बनाया गया। यह हमला रावलपिंडी में पाकिस्तानी सेना के मुख्यालय के बेहद करीब हुआ। इसके बाद पीओके में जकोबाबाद, भोलारी और स्कार्दू एयरबेस को भी तबाह किया गया। भारत के द्वारा पाकिस्तानी एयरबेस पर हमले से बौखलाए पाक को अगला निशाना उनके परमाणु कमांड और कंट्रोल इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने का डर सताने लगा। ऐसे में पाकिस्तान ने अमेरिका से मदद मांगी। अमेरिका पहले से दोनों देशों के संपर्क में था। मगर, परमाणु की बात सुनकर अमेरिका भी हड़बड़ी में आ गया।

पहलगाम आंतकी हमले के बाद तेजी से बदले घटनाक्रम के चलते 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू होते ही पाक स्थित बहावलपुर, मुरीदके व मुजफ्फराबाद में आतंकी ठिकानों को सेना ने मिट्टी में मिला दिया। फिर एक बार भारतीय सेना प्रोफेशनल एवं सैन्य मानकों पर खरी उतरी। जिसमें वायुसेना-नौसेना की महत्वपूर्ण भूमिका रही। 'ऑपरेशन-सिंदूर' की कामयाबी से बौखलाए पाक ने एलओसी समेत कई शहरों पर हमले किये, जिसे हमारे प्रतिरक्षातंत्र ने विफल किया। विदेशी डिफेंस सिस्टम के साथ मिलाकर बनायी गई कई परतों वाली प्रतिरक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के तमाम हमले विफल कर दिए। तमाम विदेशी रक्षा विशेषज्ञों ने इस प्रणाली की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। भारत के मारक हमलों के सामने असहाय पाकिस्तान ने अमेरिका, सऊदी अरब व चीन जैसे देशों से सीज़ फायर के लिये गुहार लगायी। लेकिन भारत ने अपनी शर्तों पर सीज़ फायर पर सहमति जतायी। प्रधानमंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि सीमा पार से यदि कोई गोली चली तो उसका जवाब गोले से दिया जाएगा।

# स्मार्ट डिवाइसेज़ और मानसिक सुकून: क्या हम वास्तव में खुश हैं?



– प्रो. आरके जैन

**स्मार्ट डिवाइसेज़ की चमक ने हमारे जीवन को एक नई रोशनी से नहला दिया है। गूगल होम, एलेक्सा और सिरी जैसे यंत्र हमारे घरों में नहीं, बल्कि हमारे दिलों में बस गए हैं। एक आवाज़ के इशारे पर ये हमारे लिए गीत गाते हैं, खाना बनाने की विधियाँ सुझाते हैं, और यहाँ तक कि हमारी दिनचर्या को संवारते हैं। मगर इस तकनीकी जादू की चकाचौंध में एक गहरा सवाल छिपा है, जो हमारे मन के कोनों को झकझोरता है–क्या ये यंत्र, जो हमारी ज़िंदगी को सरल बनाते हैं, हमारे मानसिक स्वास्थ्य को चुपके से प्रभावित कर रहे हैं? यह प्रश्न केवल एक विचार नहीं, बल्कि हमारे युग की सबसे ज़रूरी और अनछुई बहस का आह्वान है।**

आज स्मार्ट डिवाइसेज़ हमारी रोज़मर्रा की ज़िंदगी का ऐसा हिस्सा बन चुके हैं कि उनके बिना समय अधूरा-सा लगता है। ये यंत्र तुरंत जानकारी देते हैं, घरेलू कार्यों को स्वचालित करते हैं, और हमें मनोरंजन के अनगिनत रास्ते खोलते हैं। मगर क्या हमने कभी सोचा कि इनके निरंतर उपयोग का हमारे मन पर क्या असर पड़ रहा है? एक ओर, ये डिवाइसेज़ तनाव से राहत दे सकते हैं। जब हम अकेलेपन में डूबे होते हैं और किसी से बात करने का मन नहीं करता, तो हम अपने स्मार्ट स्पीकर से संवाद करते हैं। ये उपकरण हमें तुरंत जवाब देते हैं, जिससे हमें क्षणिक सुकून मिलता है। कुछ अध्ययनों का दावा है कि ऐसे यंत्रों से बातचीत एकाकीपन को कम कर सकती है, खासकर उन लोगों में जो सामाजिक रूप से कटे हुए हैं। मगर क्या यह सुकून सच्चा है? इन डिवाइसेज़ के साथ संवाद करते समय हम एक कृत्रिम भावनात्मक रिश्ता जोड़ लेते हैं। हम उन्हें केवल मशीन नहीं, बल्कि एक सहायक या साथी मानने लगते हैं। यह रिश्ता हमें तात्कालिक राहत देता है, मगर लंबे समय में यह हमें वास्तविक मानवीय रिश्तों से दूर ले जाता है। हम दोस्तों या परिवार से बात करने के बजाय अपने स्मार्ट डिवाइस से सवाल पूछना ज़्यादा आसान समझते हैं। यह प्रवृत्ति सामाजिक दूरी को बढ़ाती है और एकाकीपन को और गहरा करती है। मनोवैज्ञानिक बताते हैं कि मानवीय संपर्क—चाहे वह आमने-सामने हो या दूरभाष पर—हमारे मानसिक कल्याण की रीढ़ है। स्मार्ट डिवाइसेज़, चाहे कितने भी बुद्धिमान हों, इस संपर्क की गहराई और भावनात्मक तृप्ति नहीं दे सकते।

इसके साथ ही, स्मार्ट डिवाइसेज़ का अत्यधिक उपयोग हमारी रचनात्मकता और स्वतंत्र चिंतन को कमज़ोर कर सकता है। जब हर सवाल का जवाब एक आवाज़ के आदेश पर उपलब्ध हो, तो हम खुद सोचने और समस्याएँ हल करने की कला भूलने लगते हैं। यह खासकर बच्चों और युवाओं के लिए खतरनाक है, जिनका मस्तिष्क अभी विकसित हो रहा है। यदि वे हर जानकारी के लिए स्मार्ट डिवाइसेज़ पर निर्भर रहेंगे, तो उनकी संज्ञानात्मक क्षमताएँ सिकुड़ सकती हैं। उदाहरण के लिए, पहले लोग नक्शे पढ़कर रास्ता ढूंढते थे, जिससे उनकी स्थानिक बुद्धि पुष्ट होती थी। आज हम जीपीएस और स्मार्ट डिवाइसेज़ के भरोसे हैं, जिससे यह क्षमता धीरे-धीरे लुप्त हो रही है।

स्मार्ट डिवाइसेज़ हमारी गोपनीयता को भी खतरे में डालते हैं, जो हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर अप्रत्यक्ष रूप से असर डालता है। ये यंत्र हमारी बातचीत को रिकॉर्ड करते हैं और हमारी रुचियों का विश्लेषण करते हैं। कई लोगों को यह डर सताता है कि उनकी निजी जानकारी गलत हाथों में पड़ सकती है। यह चिंता तनाव और अविश्वास को जन्म देती है, जो हमारे मन की शांति को भंग करती है। हालाँकि कंपनियाँ डेटा सुरक्षा का दावा करती हैं, मगर डेटा उल्लंघन की घटनाएँ इस विश्वास को कमज़ोर करती हैं। दूसरी ओर, स्मार्ट डिवाइसेज़ कुछ मामलों में मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी भी हो सकते हैं। कई स्मार्ट स्पीकर्स में ध्यान और माइंडफुलनेस के लिए गाइडेड सत्र उपलब्ध हैं, जो तनाव प्रबंधन और नींद में सुधार में सहायक हैं।

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान



विकास तिवाड़ी
(सचिव स्कूल शिक्षा परिवार)

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम के सुपर डुपर स्टार हैं स्कूल शिक्षा परिवार के सचिव और सेंट मैरी पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर विकास तिवारी। 27 फरवरी सन 1969 को अलवर में जन्मे विकास तिवाड़ी शहर में एक जाना पहचाना सा नाम है। लोगों के सुख में एक बानगी खड़ा ना मिले, लेकिन दुख्ख में ,संकट में हमेशा उनके साथ खड़े रहने वाले व्यक्तित्व का नाम विकास तिवाडी है। चूंकि पिताजी सरकारी नोकरी में थे तो खुद सरकारी के चक्कर मे नहीं पड़े और खुद का प्राइवेट स्कूल संचालित किया। आज स्कूल एसोसिएशन स्कूल शिक्षा परिवार के ये सचिव पद पर हैं और जिनकी समस्याओं को पुरज़ोर ढंग से उठाते हैं।ये वास्तव में एक बेहतरीन शख्सियत के रूप में जाने जाते हैं अपने हसमुख मिजाज के कारण महफिल में रंग जमा देते हैं। मुझे आज भी याद है कोविड-19 का वह दौर जब अपनों से अपनों की दूरियां लोगों ने मौत के ख़ौफ़ के कारण बढ़ा ली थी और उसके बावजूद भी जिन लोगों को ईश्वर अपने पास बुलाना चाहता था उन्हें बुला ही लिया। ये शख्स ऐसे थे उसे दौर में कोविड से मरे हुए लोगों के शव को शमशान घाट में ले जाकर अपने हाथों से उनकी क्रिया कर्म करवाते थे। ख़ौफ़ जरुर था लेकिन उसे ईश्वर पर अटूट और अतुल्य विश्वास था कि होगा वही जो श्री राम ने रच रखा है। आज भी भूरा सिद्ध हनुमान मंदिर पर नियमित रूप से जाते हैं बाबा की पूजा सेवा करते हैं और पक्षियों के लिए चुग्गा डालते हैं। कुलदीप शर्मा यूनिफॉर्म इनके छोटे भाई की तरह इनके हर कदम पर इनके साथ नजर आता हैं।

## कहानी – बढ़ता राजस्थान

# मनोरंजन

ट्रेन के इंतजार में मैं प्रतीक्षालय में बैठी हुई थी। रात का समय ...उस पर कड़ाके की ठंड ।स्वेटर ..शाल ...गर्म बिस्तर के बाद भी हाथ-पैर सुन्न हुए जा रहे थे। तभी बाहर प्लेटफार्म से गाने की आवाज आई । मासूम गले की लोच भरी आवाज,पर गीत के बोल अश्लील -आधी-आधी रतिया बुढऊ माँगत बाने पानी। गीत के हर बोल के साथ लोगों का अट्टहास गूंजता था। उत्सुकता के कारण खिड़की का दरवाजा थोड़ा-सा खोलकर देखा । एक दस वर्षीय बालिका लोगों से घिरी हुई थी । जगह-जगह से फटे ..पेबंद लगे घाघरे-चोली में बड़ों की तरह अभिनय करती वह बार-बार वही गीत गाये जा रही थी ।लोग आपस में मजाक करते उससे उसी गीत की फरमाईश कर रहे थे।

शायद गीत की उत्तेजना में वे इंतजार और ठंड को भूले जा रहे थे । उन्हें तो यह भी याद नहीं था कि इसी उम्र की उनकी बेटी,बहन या पोती घर में आराम से सो रही होगी और यह पेट के लिए .....वे मगन थे ....ऐसा मनोरंजन और कहाँ मिलता उन्हें ,वह भी चंद पैसों में इससे ज्यादा पैसा तो वे पान की पीक में थूक देते हैं ।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
घर में धार्मिक माहौल रहेगा और धर्म कर्म के कार्यों में शामिल होंगे। भाई के स्वास्थ्य की चिंता आज आपको कुछ परेशान कर सकती है। शाम का समय परिवार के छोटे बच्चों के साथ मौज-मस्ती में बिताएंगे।

**वृष**
संतान की उन्नति देखकर मन प्रसन्न रहेगा और परिवार का वातावरण भी शांत रहेगा। अगर आप कोई प्रॉपर्टी खरीदने का मन बना रहे हैं तो उसके कागजी दस्तावेज ध्यान से पढ़ लें, अगर आप कोई प्रॉपर्टी खरीदने का मन बना रहे हैं तो उसके कागजी दस्तावेज ध्यान से पढ़ लें।

**मिथुन**
परिवार के कुछ सदस्यों की वजह से व्यस्तता और अनावश्यक चिंता रहेगी। कल आप जीवनसाथी को कहीं घुमाने ले जा सकते हैं। कल आप किसी की मदद लेना पसंद नहीं करेंगे लेकिन फिर भी किसी को पैसा देने से जुड़े फैसले बदल सकते हैं।

**कर्क**
कानूनी मामलों में सफलता के लिए आपको इंतजार करना पड़ सकता है। कल स्वजनों के सहयोग से लंबे समय से रुके हुए कार्यों को पूरा करने का प्रयास करेंगे। संतान की उन्नति से आपको अच्छा धन लाभ हो सकता है और आप उसमें सहयोग भी करेंगे।

**सिंह**
भगवान शिव की कृपा से सिंह राशि वालों के लिए धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा और भाई-बहनों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे। आपकी प्रतिष्ठा और बैंक बैलेंस में अच्छी बढ़ोतरी होगी।

**कन्या**
महादेव की कृपा से कल आपकी सभी इ'छाएं पूरी होंगी और अधूरे कार्य एक एक करके पूरे होते जाएंगे। माता पिता के साथ आपके संबंध अ'छे रहेंगे और सेहत भी एकदम अ'छी बनी रहेगी। संतान के भविष्य के लिए निवेश करना चाहते हैं तो कल का दिन शुभ रहेगा।

**तुला**
स्वजनों से कल सुखद मुलाकात होगी और प्रभावशाली लोगों से जान पहचान भी बढ़ेगी, जिससे निकट भविष्य में आपको फायदा होगा। राजनीति से जुड़े जातकों का प्रभाव क्षेत्र विकसित होगा और एक नया ढांचा बनेगा।

**वृश्चिक**
वृश्चिक राशि वालों के लिए कल का दिन कामकाज में सुधार लाने में विशेष योगदान रहेगा। किसी विशेषज्ञ की सलाह आपके लिए उपयोगी साबित होगी। माताजी के स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहना होगा।

**धनु**
अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं और पैतृक संपत्ति से भी आपको लाभ मिल सकता है। ससुराल पक्ष के कुछ रिश्तों में कल कड़वाहट आ सकती है, लेकिन जीवनसाथी का आपको पूरा सहयोग मिलेगा।

**मकर**
परिवार के छोटे सदस्यों के साथ अच्छा समय बीतेगा और मानसिक शांति मिलेगी। सामाजिक कार्यों में योगदान कम से कम होगा लेकिन फिर भी सम्मान मिलेगा। अगर काफी समय से आपका पैसा कहीं फंसा हुआ है तो कल वह मिल सकता है।

**कुंभ**
विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा से जुड़ी आर्थिक समस्या कल समाप्त होगी। योग्य लोगों से विवाह के अच्छे प्रस्ताव आएंगे, जिससे सभी घरवाले काफी प्रसन्न नजर आएंगे। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा।

**मीन**
मीन राशि वालों की कल व्यापारिक मामलों में आ रही रुकावट दूर होंगी और अच्छा मुनाफा होगा। सामाजिक क्षेत्र में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी और आपकी कीर्ति चारों ओर फैलेगी। घरेलू स्तर पर कुछ धार्मिक कार्यक्रम हो सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## सदर थाना पुलिस की कार्रवाई, अवैध बजरी से भरा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



बढ़ता राजस्थान

**निवाई।** सदर थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। सदर थानाधिकारी हीरालाल वर्मा ने बताया कि अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम को लेकर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेन्द्रसिंह भाटी एवं डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा के निर्देशन में संचालित अभियान के दौरान थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने गस्त के दौरान गांव सुनारा के पास से अवैध बजरी परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। चालक मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि उक्त वाहन के चालक व मालिक के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस का अनुसंधान जारी है।

# राजकीय विद्यालय पट्टी कला को भौतिक विकास के लिए मिलेगा 25 लाख का विकास अनुदान

## भविष्य की उड़ान योजना बनी प्रेरणा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले के राजकीय विद्यालयों की आधारभूत संरचना को मजबूत बनाने के लिए शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास रंग ला रहे हैं। जिला कलेक्टर शुभम चौधरी द्वारा प्रारंभ किए गए अभिनव कार्यक्रम 'भविष्य की उड़ान' से प्रेरणा लेते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पट्टी कला बामनवास में जनसहयोग से ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से प्राप्त की गई राशि का चैक मुख्यमंत्री जनसहभागिता विद्यालय विकास योजनान्तर्गत अंशदान जमा करवाने हेतु प्रधानाचार्य कालूराम मीणा द्वारा जिला कलेक्टर शुभम चौधरी को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता एवं अन्य अधिकारीगण की उपस्थिति में सौंपा गया।



### जनभागीदारी से शिक्षा में बदलाव

एडीपीसी दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने और विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग द्वारा 'भविष्य की उड़ान' कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के विभिन्न विद्यालयों में जनसहयोग एवं राज्य सरकार के माध्यम से परिवर्तनकारी कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनसहभागिता विद्यालय विकास योजना के साथ भविष्य की उड़ान कार्यक्रम के संयोजन से जिले में शिक्षा क्षेत्र में व्यापक सुधार हो रहे हैं। विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाएं, पुस्तकालय, शौचालय, पेयजल, फर्नीचर जैसी मूलभूत सुविधाएं अब तेजी से उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इस प्रक्रिया में पारदर्शिता, गुणवत्ता और स्थायित्व को प्राथमिकता दी जा रही है।

### विद्यालय विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

कार्यक्रम जिला सह प्रभारी हेमराज मीणा ने जानकारी दी कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पट्टी कला बामनवास को भामाशाह द्वारा प्रदान 10 लाख रुपए की राशि एवं मुख्यमंत्री जनसहभागिता विद्यालय विकास योजनाअंतर्गत राज्य सरकार से प्राप्त 60 प्रतिशत अंशदान राशि 15 लाख रुपये सहित कुल 25 लाख रुपए की राशि विद्यालय को प्राप्त होगी। विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति द्वारा 25 लाख रुपये की इस राशि से विद्यालय में दो आधुनिक हॉल कक्षा कक्ष, बरामदा, नवीन शौचालय निर्माण सहित अन्य आधारभूत भौतिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इससे विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को बेहतर शिक्षण वातावरण मिलेगा और शिक्षक भी सुविधाजनक ढंग से शिक्षण कार्य कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि यह पहल न केवल सरकारी संसाधनों पर निर्भरता को कम करती है, बल्कि स्थानीय समुदाय को शिक्षा की उन्नति में सक्रिय भागीदारी का अवसर भी देती है।

### एक मॉडल बन रहा है 'भविष्य की उड़ान' कार्यक्रम

भविष्य की उड़ान अभिनव कार्यक्रम धीरे-धीरे जिले में एक मॉडल के रूप में उभर रहा है, जिसके अंतर्गत न केवल विद्यालयों की अवस्थापना में सुधार किया जा रहा है, बल्कि बच्चों को डिजिटल शिक्षा से भी जोड़ा जा रहा है। यह कार्यक्रम छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी तैयार कर रहा है और नवाचार को प्रोत्साहित कर रहा है। योजना न केवल विद्यालय के भौतिक विकास में सहायक हो रही है, बल्कि यह जनसहभागिता की भावना को भी सशक्त बना रही है। शिक्षा विभाग, जिला प्रशासन और समाज के साझा प्रयासों से जिले की शैक्षिक तस्वीर में सकारात्मक परिवर्तन संभव हो रहा है। यह पहल अन्य विद्यालयों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन रही है ।
इस दौरान कालूराम बैरवा एडी,कार्यक्रम अधिकारी हेमराज मीणा सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने विद्यालय के लिए प्राप्त इस विकास अनुदान का स्वागत किया और शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## रजवास में बर्तन बैंक की हुई स्थापना

### प्लास्टिक मुक्त पंचायत बनाना है उद्देश्य, महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा किया जाएगा संचालन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत रजवास में सोमवार को बर्तन बैंक की गई है। राज्य सरकार द्वारा प्राप्त निर्देशों की पालना में राज्य वित्त आयोग जीपी से एक लाख रुपए की स्वीकृति कर 400 बर्तन सेट खरीदे गए। जिसमें एक थाली, तीन कटोरी, एक चम्मच और एक गिलास का सेट बनाकर बर्तन बैंक की स्थापना की गई। जिसका शुभारंभ सुगना राजीविका संस्था की अध्यक्ष विमला बैरवा व ग्राम पंचायत प्रशासक कानाराम जाट ने फीता काटकर किया । इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रशासक कानाराम जाट ने बताया कि उक्त बर्तन बैंक राजीविका संस्था द्वारा संचालित किया जाएगा। जिसमें एक बर्तन सेट का किराया सामान्य वर्ग के लिए 3 रुपए प्रति सेट, एससी, एसटी, बीपीएल परिवारों के लिए एक रुपया 50 पैसा लिया जाएगा। बर्तन बैंक का संचालन व संधारण राजीविका की महिला बाबा रामदेव स्वयं सहायता समूह द्वारा किया जाएगा। ग्राम विकास अधिकारी विनोद कुमार परिडवाल ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा बर्तन बैंक की स्थापना का मूल उद्देश्य प्लास्टिक मुक्त ग्राम पंचायत करना है। इस मौके पर कनिष्ठ सहायक नन्द किशोर बैरवा, ई मित्र संचालक किशन चौधरी, मनभर देवी, प्रेमदेवी, कलीदेवी, शांतिदेवी व ममता देवी मौजूद थे।

# उपासना करने से वासना की निवृत्ति हो जाती हैः संत मदनमोहन

### प्रवचनमाला वेद व्याख्यान व प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में उमड़े श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान



**निवाई।** विश्व मंगलम सेवा संस्थान के तत्वावधान में प्रवचनमाला वेद व्याख्यान व प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित किया गया। संस्थान के महामंत्री प्रदीप पारीक ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा की पूजा अर्चना करके किया गया। इसके बाद मानस मर्मज्ञ संत मदनमोहन महाराज का संत परम्परा के अनुसार अध्यक्ष लल्लूलाल गुप्ता, नवलकिशोर पारीक, डॉ. एलडी शर्मा ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। प्रवचनमाला की शुरुआत वेदपाठ से की गई। संत मदनमोहन महाराज ने कहा कि धर्म वहीन मानव पशु के समान। धर्म की पालना और रक्षा करना प्रत्येक मानव का दायित्व है। धर्म कोई जाति, पंथ व समाज नहीं है। धर्म का मतलब सेवा, सृजन, परोपकार आदि है। धर्म विशाल सागर के समान है। उन्होंने कहा कि सृजन के लिए पुरुषार्थ करना जरूरी है लेकिन नाश नैसर्गिक है। साधु कोई जाति या धर्म के नहीं है बल्कि साधु एक अवस्था है। बुद्धि में शुद्धि की आवश्यकता है। इसलिए शास्त्रों का अध्ययन, मनन और अनुसरण आवश्यक है। महाराज ने कहा कि इच्छा की पूर्ति होने पर सुख मिलता है और नहीं होने पर दुख होता है। इसलिए मानव की इच्छा की निवृत्ति आवश्यक है। चित्त की शुद्धि व अन्वेषण से मानव परमावस्था को प्राप्त कर सकता है। आज का व्यक्ति अच्छाई तो करता है लेकिन बुराई नहीं छोड़ता।

हरिभजन के बिना भवसागर पार नहीं किया जा सकता है। महाराज ने कहा कि रावण सोने की लंका में रहकर भी खुश नहीं था। लेकिन भगवान शंकर श्मशान में रहकर भी अत्यंत खुश है। उन्होंने ने कहा कि उपासना करने से वासना की निवृत्ति हो जाती है। इसलिए मानव को सदैव वैदिक उपासना करनी चाहिए। इसके बाद महाराज ने उपस्थित लोगों के आधात्म, शास्त्रोक्त, वैज्ञानिक, साहित्यिक, सामाजिक, वर्तमान परिस्थितियों सहित विभिन्न प्रश्नों का जवाब देकर श्रद्धालुओं की जिज्ञासा शांत की। इसके बाद भजनामृत कार्यक्रम में गायक महेश दरगड़, रमेश सोनी और ममता चौधरी ने भजनों पर प्रस्तुतियां दी। तथा श्रद्धालुओं ने भजनों पर भाव विभोर होकर भक्ति नृत्य किया।

इसके बाद सभी श्रद्धालुओं को पंगत प्रसादी करवाई गई। इस दौरान दामोदरलाल पारीक, पुरुषोत्तम पारीक, रामगोपाल तमोलिया, नाथूलाल लाछड, रामप्रसाद पराणा, रामफूल शर्मा, रवि पारीक, रवि टोडवाल, दिलीप डासवाणी, विनोद तिवाड़ी, दीपक गुप्ता, जगमोहन गौत्तम, रघुनंदन शर्मा, कैलाश विजय, शशि टोडवाल, केदार खंडेलवाल, राजेश काचरिया, धीरज टोडवाल व शशि विजय सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

## मोटरसाइकिल चोरी के दो मुल्जिम गिरफ्तार, 3 मोटरसाइकिल जब्त



बढ़ता राजस्थान

**निवाई।** निवाई थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी के मामले में लगातार दूसरे दिन भी सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने दो मुल्जिमों को गिरफ्तार करते हुए उनसे तीन मोटरसाइकिल बरामद की है। थानाधिकारी रामजीलाल ने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक मृत्युंजय मिश्रा के सुपरविजन में वाहन चोरों को गिरफ्तार करने के लिए टीम का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि परिवादी राजेश मीणा ने जयपुर टोंक रोड पर वर्धमान डेंटल हॉस्पिटल के बाहर से मोटरसाइकिल चुराकर ले जाने का मुकदमा दर्ज करवाया था। मोटरसाइकिल चोरों की तलाश के लिए स्पेशल टीम गठित की गई।

सोमवार को मुखबिर खास की सूचना पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर महावीर ढाबा के पास नाकाबंदी की गई। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल को रुकवाया गया। मोटरसाइकिल पर नंबर प्लेट अलग होने पर शक हुआ तो इंजन चेसिस नंबर की जांच की गई। इस पर गाड़ी चोरी की पाए जाने पर टीम ने परशुराम 22 वर्ष पुत्र घासीराम मीणा निवासी जैल थाना नगर व विक्की 19 वर्ष पुत्र राम रतन बैरवा निवासी उगैन थाना नैनवां जिला बूंदी को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि शातिर वाहन चोर पहले सूने वाहनों की रैकी करते थे। उसके बाद मौका पाते ही वाहन को चुरा ले जाते थे। थानाधिकारी बैरवा ने बताया कि आरोपियों से तीन मोटरसाइकिल बरामद की है। मुल्जिमों से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के दौरान अन्य वाहन चोरी की वारदातें भी खुलने की संभावना है।

## एसएमएस से पता लगेगा, आरजीएचएस में कितनी राशि का बिल बना

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** वित्त विभाग ने राज्य में आरजीएचएस योजना में दावों के सम्बन्ध में विभिन्न प्रकार की जाँचों व अंकेक्षण का कार्य किया है। इस जांच में खुलासा हुआ है कि कई प्रकरणों में राजकीय कार्मिक/पेंशनर्स/उनके लाभार्थी परिजनों को यह सूचना नहीं थी कि उनके आरजीएचएस कार्ड के माध्यम से वे कितना लाभ प्राप्त कर चुके हैं और कई मामलों में बिना लाभ प्राप्त किये ही उनके कार्ड के माध्यम से भुगतान दिखा दिया गया। समस्या की गहनता को देखते हुए इस सम्बन्ध में जांच और फीडबैक में पाया गया कि फार्मेसी से ली जाने वाली दवाइयों के सम्बन्ध में तो एक एसएमएस पूर्व में जाता था जिसमें दवाईयों पर होने वाले खर्च की राशि बताई जाती थी परन्तु यह एसएमएस आईपीडी/ओपीडी/डे केयर दावों के सम्बन्ध में नहीं था। अब सिस्टम में संशोधन करते हुए व्यवस्था की गई है कि लाभार्थी को अस्पताल/चिकित्सक के माध्यम से प्राप्त होने वाली आईपीडी/ओपीडी की दावे की राशि का पता लग सके।

इस सम्बन्ध में शासन सचिव वित्त (व्यय) विभाग नवीन जैन ने बताया कि अब इस नई व्यवस्था से दोहरा फायदा होगा। पहला फायदा यह होगा कि राशि देखकर लाभार्थी अतिरिक्त बिलिंग की जानकारी के आधार पर निर्णय ले सकता है, साथ ही अस्पताल अब इलाज व दवा की राशि को बढ़ा-चढ़ाकर दावा प्रस्तुत नहीं कर पायेंगे।

गत दो माह से एआई तकनीक के माध्यम से लगातार आरजीएचएस सिस्टम को सुधारने का कार्य हो रहा है और इसी फीडबैक के आधार पर यह एसएमएस सुविधा प्रारम्भ की गई है।

## पत्रकार आम जन और प्रशाशन के मध्य बने सेतु उपखंड अधिकारी चौधरी

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा।** उपखंड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने सोमवार को उपखंड अधिकारी कार्यालय में मालपुरा मुख्यालय के पत्रकारों की मीटिंग लेते हुए पत्रकारों को पत्रकारिता में समाचार बनाते समय समाचार की पूरी निष्पक्षता व सच्चाई के साथ समाचार प्रकाशित करने का पत्रकारों से आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ है तथा पत्रकार प्रशासन व जनता के मध्य सेतु का कार्य करते हैं प्रशासन की बात आम जनता तक सही रूप से पहुंचे तथा पत्रकारों द्वारा लिखी गई सूचना से आमजन प्रभावित होता है आम जनता तक स्पष्ट जानकारी पहुंचाने में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है उन्होंने कहा कि पत्रकारिता एक मिशन है इस समाज सेवा के कार्य में पत्रकारों को निष्पक्ष रूप से कार्य करते हुए अपना कार्य करना चाहिए जिससे समाज देश व क्षेत्र के विकास में उनका भी योगदान हो। पत्रकार वार्ता के दौरान पत्रकार त्रिलोक चंद जैन, राम अवतार शर्मा, चन्द्रप्रकाश नायक सहित मालपुरा मुख्यालय के पत्रकार मौजूद रहे।

## पुलिस थाना मालपुरा की त्वरित कार्रवाई

### बूंदी क्षेत्र का एच एस को मालपुरा पुलिस ने चोरी के आरोप में गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा** उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार थानाधिकारी चेना राम बेडा पुलिस निरीक्षक मय जाप्ता की मदद से त्वरित कार्यवाही करते हुये सूने मकान से जेवरात व नगदी चोरी करने वाले एक मुल्जिम को किया गिरफ्तार व चोरी की वारदात मे जेवरात व नगदी बरामद कर मुल्जिम को किया गिरफ्तार।

मुस्तगीस सोनु पुत्र मदन जाति कहार उम्र 30 साल निवासी टोरडी थाना मालपुरा जिला टोक के सुने मकान को निशाना बनाने वाले शाहरुख उर्फ बाउजी पुत्र नूर मोहम्मद जाति मुसलमान लुहार उम्र 28 साल निवासी करवर थाना करवर जिला बून्दी को किया गिरफ्तार। सुने घर से आरोपी ने एक कणकती वजन 500 ग्राम, एक कणकती वजन 250 ग्राम, एक जोडी पायेजेब वजन 250 ग्राम ओर आलमारी में रखे 84000 रूपये ताला तोड कर उक्त व्यक्ति चुराकर ले जा रहा था। मुल्जिम शाहरुख उर्फ बाउजी पुत्र श्री नूर मोहम्मद जाति मुसलमान लुहार उम्र 28 साल निवासी करवर थाना करवर जिला बून्दी को गिरफ्तार किया गया तथा घटना चोरी किया गया माल मशरूका एक कणकती व जन 500 ग्राम, एक कणकती वजन 250 ग्राम, एक जोडी पायेजेब वजन 250 ग्राम ओर आलमारी में रखे 84000 रूपये व घटना के समय काम में ली गयी मोटरसाईकिल नम्बर आरजे-06-डीएस-6939 को बतौर वजह सबूत जप्त किया गया। उक्त शाहरूख से पुछताछ पर धाना करवर जिला बुन्दी का हिस्ट्रशीटर होना ज्ञात हुआ। जिसके खिलाफ पुर्व में 15 अभियोग पंजीबद्व है।

# वर वधु को चिरंजीवी होने का मंत्री खर्रा ने दिया आशीर्वाद, वैष्णव समाज के 13 जोड़े विवाह बंधन में बंधे

बढ़ता राजस्थान





निवाई। अखिल भारतीय वैष्णव विकास परिषद एवं ट्रस्ट शाखा टोंक द्वारा एक निजी गार्डन में प्रथम नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 13 जोड़े हम सफर बने। विवाह सम्मेलन में राजस्थान सरकार के मंत्री झाबरसिंह खर्रा, नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, जयपुर नगर निगम पार्षद अंकित वर्मा, व पार्षद नितिन छाबड़ा अतिथि रहे। निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में 13 जोड़ों का वैदिक मंत्रोचार के साथ पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न हुआ। इससे पूर्व कंकाली माता मंदिर से दूल्हा दुल्हनों की निकासी निकाली गई। वर निवासी शहर के मुख्य बाजार से होते हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन स्थल पर पहुंची। इसके बाद तोरण की रस्म अदायगी हुई।

विधिवत पाणिग्रहण संस्कार के बाद नव विवाहित जोड़ों का आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथियों ने वर वधु को चिरंजीवी होने का आशीर्वाद दिया। इस दौरान मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने कहा कि वर्तमान समय में शादी समारोह में फिजूली खर्ची अत्यधिक हो रही है। जिसकी रोकथाम के लिए सभी समाज के लोगों को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन करना चाहिए। इससे समाज मे एकता भी बढती है। नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप ईसरानी ने कहा कि समाज को एकत्रित करने के लिए सामूहिक विवाह सम्मेलन एक अनूठी पहल है। जिसमें समाज एक मंच पर एकत्रित होकर समाज हित के लिए कई निर्णय भी लेता है। कार्यक्रम में प्रदेशभर से हजारों की संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। इस दौरान सामूहिक विवाह सम्मेलन अध्यक्ष गुलाबचंद, समिति अध्यक्ष मोतीलाल जीवली, रामअवतार बस्सी, सीताराम स्वामी, महावीर स्वामी, पंकज स्वामी, भंवर स्वामी व गोपाल स्वामी सहित समाज के हजारों लोग मौजूद रहे।

## भगवान वराह अवतार को देखने के लिए उमड़ा शहर

बढ़ता राजस्थान

**निवाई।** शहर के कायस्थ मोहल्ला स्थित श्री हरि कृष्णचंद्रराय नया मंदिर में भगवान श्री भगवान वराह प्राकट्योत्सव का आयोजन हुआ। प्रभात फेरी के साथ शुभारंभ हो गया है। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम को लेकर शनिवार को सुंदरकांड पाठ हुए। मंदिर महंत विष्णु शर्मा ने बताया कि बाद प्रभात वेला में भगवान श्री वराह का श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई। दोपहर 12:00 बजे आरती की गई। शाम को 7:15 बजे भगवान वराह जी का तेज गर्जना के साथ प्राकट्य हुआ।



इस दृश्य को देखने के लिए हजारों लोगों की भीड़ जमा रही। भगवान वराह की सजीव झांकी के साथ करीब दर्जनभर अन्य चरित्र से संबंधित सजीव झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रही।

# भगवा कोई वस्त्र नहीं बल्कि एक विचारधारा, बुद्ध हमारी पहचान : शेखावत

**गुरु गौरक्षनाथ पाटोत्सव पर्व पर निकली भव्य शौभायात्रा**
**मुख्य अतिथि ने की भगवा रंग की प्रशंसा**



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर के पीर संज्यानाथ आश्रम पर गुरु गौरक्षनाथ पाटोतस्व भव्य शौभायात्रा से शुरू हुआ। मिली जानकारी के अनुसार बुद्ध पूर्णिमा के दिन नाथ संप्रदाय के संस्थापक एवं महान आचार्य गुरु गौरक्ष नाथ प्रकट उत्सव को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भव्य रथ शौभायात्रा एवं झण्डा यात्रा का शुभारम्भ हुआ। यह यात्रा गाजे बाजे के साथ उपखण्ड नारायणपुर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी जिसमें श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा की।ध्वजयात्रा में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। वहीं समस्त कार्यकारिणी जोगी समाज विकास समिति नारायणपुर द्वारा अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई।इस मौके पर बानसूर के सिंह विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि नाथ संप्रदाय की वज़ह से भारत आज फिर से भगवा दिखने लगा है। उन्होंने कहा कि भगवा कोई रंग नहीं बल्कि तपस्वी होकर सांस्कृतिक बनना है। हम सबको चाहिए कि जो लोग भगवा -भगवा पुकार कर देश के गौरक्षकों को नीचा दिखाने का प्रयास कर रहे हैं। वे लोग अपने जीवन में कभी कामयाब नहीं होंगे। भगवा रंग ने ही विश्व को शान्ति और अहिंसा का सन्देश दिया वे थे तथागत बुद्ध। भगवान गौतम बुद्ध का लौहा पूरी दुनियां मानती है पर भारत के कुछ अज्ञानी लोग नहीं। शेखावत ने कहा कि भगवा भगवान बुद्ध और गौरक्षनाथ जी को दुनियां पहचानती है। जिन्होंने प्राणीमात्र के जीवन की सुरक्षा की। यह बुद्ध और गौरक्षनाथ के सिद्धांत पर चलते हुए भारत ने विश्व बिरादरी का सम्मान करते हुए सीजफायर पर सहमति देदी। हमारे नेता और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो फैसला किया है वह यह नहीं है कि हमने ऑपरेशन सिन्दूर को लगाम लगा दी है। बल्कि तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने एक स्वर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वर में कहा है कि यदि दुश्मन में गोली दागी तो गोली का जवाब गोले से देंगे। यह हमारी राष्ट्रीय राजनीती के चमचमाने सितारे की वजह से हुआ है। जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को मध्यस्था करनी पड़ी। जो नेता या दल हवा में पकोड़े तलने लगे हैं मैं उन्हें विद्वान नहीं कह सकता। दुश्मन राष्ट्र की हमारे राष्ट्रीय नेतृत्व और सेनाओं ने कमर तोड़कर रख दी। दुश्मन राष्ट्र एक सौ वर्ष पीछे जा चुका है। इस मौके पर काफ़ी संख्या में श्रद्धालु और साधुसंत मौके पर मौजूद रहे।

# गुरु गोरक्षनाथ जी का जंयती मनाई



बढ़ता राजस्थान

**रैणी/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** रैणी में सोमवार को गुरु गोरक्षनाथ जी की जंयती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। एडवोकेट जितेंद्र योगी ने बताया कि रैणी कस्बे के गोरक्षनाथ चौराहा किलाल मंदिर पर समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के प्रबुद्ध जनों द्वारा प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने गुरू गोरक्षनाथ जी के बारे में अपने विचार रखे। कार्यक्रम में घनश्याम योगी, जितेंद्र योगी, सीताराम योगी, बच्चू योगी, बबली योगी, गोकुल नाथ, लल्लू नाथ, अनिल, सीताराम, जीतू योगी, प्रकाश योगी, जगमोहन योगी, गिर्राज योगी, ओमी योगी सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

# बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान गौतम बुद्ध का हर्षोल्लास के साथ मनाया जन्मोत्सव



बढ़ता राजस्थान

**तिजारा ( मुकेश शर्मा )।** 12 मई सोमवार सुबह 9.00 बजे श्री श्री 1008 संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के मंदिर जाटव धर्मशाला पर, बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गौतम बुद्ध भगवान जी के जन्म उत्सव पर जाटव समाज द्वारा देसी घी के हलवे का भंडारा किया गया। इस अवसर पर श्री मान सिंह जी, कपिल गुप्ता जी मंडल अध्यक्ष, भाजपा तिजारा पूर्व पार्षद कमल गुर्जर, सुरेश फौजी अध्यक्ष जाटव समाज, श्री बुधराम जी अध्यक्ष अंबेडकर विकास मंच, तिजारा मेघवाल अध्यक्ष शोभाराम जी, श्री श्याम लाल जी, श्री तारा बाबूजी, अनिल कुमार इन सभी के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। भगवान श्री गौतम बुद्ध एवम डॉ भीमराव अंबेडकर जी एवं श्री श्री 1008 संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की प्रतिमा पर माला अर्पण कर पुष्प अर्पित किया गया। इस अवसर पर कपिल गुप्ता मंडल अध्यक्ष भाजपा तिजारा, श्री मान सिंह जी, पूर्व पार्षद कमल गुर्जर, मेघवाल अध्यक्ष शोभाराम जी, श्री श्याम लाल जी, तारा बाबूजी, महेंद्र पेंटर, रविंद्र, हबू, बालकिशन आर्य, पवन कुमार, जीतू, बिजेन्दर एवं समाज के सभी गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# जिला कलक्टर ने की अलवर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड के कार्यो एवं प्रगति की समीक्षा

**डेयरी से जुड़े प्रत्येक पशुपालक परिवार को पात्रतानुसार संबंधित विभागों की योजनाओं से लाभान्वित करवाने एवं वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना तैयार कर धरातल पर क्रियान्विति के दिए निर्देश**

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में आज अलवर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड के कार्यों एवं प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने डेयरी प्रबंधक को नवाचार के तौर पर राज्य की सफल डेयरी की अच्छी प्रैक्टिसेज का अध्ययन कर इस वर्ष हेतु लक्ष्य निर्धारण एवं कार्ययोजना तैयार करने तथा इसकी धरातल पर क्रियान्वित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सरस डेयरी की वर्तमान संरचना की समीक्षा कर निर्देशित किया कि डेयरी कार्यक्षेत्र के सभी राजस्व गांवों में दुग्ध समिति स्थापित कर सभी को पंजीकृत करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अक्रियाशील बीएमसी के कारणों का फीडबैक लेकर उन्हे क्रियाशील करवाने या शिफ्ट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने डेयरी के प्रोक्योरमेंट, प्लांट एवं मार्केटिंग व्यवस्था का फीडबैक लेकर आय के स्रोत बढ़ाने के लिए ज्यादा आय अर्जित करने वाले नवीन प्रोडक्ट निर्माण सहित दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में पहुंच विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वित्तीय स्थिति की प्रत्येक माह की समीक्षा कर लाभांश अधिकतम करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने सहकारिता, पशुपालन, बैंकिंग व कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को डेयरी से जुड़े प्रत्येक पशुपालक परिवार को गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना, सभी अनुसूचित जाति एवं जनजाति एवं बीपीएल पशुपालकों को निशुल्क केटल शेड निर्माण, डेयरी केसीसी, मंगला पशु बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं से पात्रतानुसार शत-प्रतिशत लाभान्वित



करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने डेयरी प्रबंधक को निर्देश दिए कि डेयरी से जुड़े पशुपालकों को संबंधित विभागों की योजनाएं का लाभ प्राप्त हो रहा है या नहीं, इसका सर्वे करवाकर पात्रों को लाभान्वित करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में सरस डेयरी प्रबंधक श्रीमती सुनीता यादव, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक श्री पीसी मीणा, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. रमेश चंद्र मीणा, लीड बैंक प्रबंधक श्री बाबूलाल पालरिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पंजाबी समाज की एकता और अधिकारों के लिए बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** पंजाबी समाज की एकता और अधिकारों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से पुरुषार्थी धर्मशाला स्कीम 2, अलवर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज के प्रबुद्धजनों ने भाग लिया और आगामी जातिगत जनगणना में पंजाबी समाज के प्रत्येक सदस्य को जाति में खत्री और भाषा में पंजाबी लिखने के प्रति जागरूक करने पर विशेष चर्चा की। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि खत्री एक मान्यता प्राप्त जाति है, जिसे राजस्थान सहित देश के अधिकांश राज्यों में सामान्य वर्ग के रूप में दर्ज किया गया है जबकि अरोड़ा, कपूर, सेठी् चोपड़ा जैसी उपजातियाँ सरकारी सूची में स्वतंत्र पहचान के रूप में शामिल नहीं हैं। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यदि जनगणना में अलग.अलग उपनाम लिखे जाते हैंए तो पंजाबी समाज की वास्तविक संख्या बिखर जाती है, जिससे सामूहिक पहचान कमजोर होती है और सरकारी नीतियों में प्रतिनिधित्व भी कमज़ोर पड़ता है। भाषा के संदर्भ में पंजाबी लिखने पर भी जोर दिया गया। वक्ताओं ने बताया कि पंजाबी हमारी मूल भाषा है, लेकिन



जनगणना में यदि इसे हिंदी, राजस्थानी या कोई अन्य भाषा लिखा जाता है, तो सरकारी रिकॉर्ड में पंजाबी समाज की संख्या कम दिखाई देती है। इससे शिक्षा, संस्कृति, प्रशासनिक योजनाओं और राजनीतिक प्रतिनिधित्व में हमारी भागीदारी सीमित हो जाती है। यदि सभी पंजाबी समाज के लोग एकजुट होकर पंजाबी भाषा दर्ज करेंगे, तो न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान मजबूत होगी, बल्कि अधिकारों के लिए आवाज भी बुलंद होगी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस संदेश को समाज के हर घर तक पहुंचाया जाएगाए ताकि जनगणना में पंजाबी समाज की सही संख्या दर्ज हो और राजनीतिक एवं सामाजिक स्तर पर मजबूत पहचान स्थापित हो सके। अंत में, समाज के प्रबुद्धजनों ने सामाजिक एकता को बल देने के लिए संगठित होने का आह्वान किया और इस अभियान को एक जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।

## राज्यपाल हरिभाऊ बागडे 13 मई को अलवर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे 13 मई को अलवर के दौरे पर रहकर विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। कार्यक्रमानुसार राज्यपाल श्री बागडे प्रात: 10:30 बजे हल्दीना स्थित मत्स्य भर्तृहरि विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके पश्चात दोहपर 12:45 बजे मिनी सचिवालय स्थित कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेंगे।

## 13 मई को रामगढ के ठेंगी का बास में होगा रात्रि चौपाल का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में आमजन की समस्याओं के स्थानीय स्तर पर त्वरित निराकरण हेतु 13 मई को सांय 7 बजे से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ठेंगी का बास (रामगढ) में रात्रि चौपाल आयोजित होगी।

# कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

**जिला कलक्टर ने की भीषण गर्मी के बीच जीव मात्र के हितार्थ कदम उठाने की अपील**




बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा ( नि.स. )।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस दौरान उन्होंने भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा जिला स्तरीय बीमा समिति की बैठक भी ली। जिला कलक्टर किशोर कुमार ने नगरीय निकायों को निर्देशित किया है कि बेजुबान पशु-पक्षियों के हित में भामाशाहों के सहयोग से ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए ऐसे स्थानों का चिन्हिकरण किया जाए, जो कि गर्मी के मध्यनजर असुरक्षित हैं। ऐसे स्थानों पर पीने के पानी, पंखे-कूलर, ओआरएस के पैकेट्स की व्यवस्था की जाए। जिला कलक्टर ने कहा, गर्मी का प्रकोप मानव जाति के साथ-साथ पशु और पक्षियों पर भी भारी है। इसलिए, उन्होंने कोई भी प्यास ना रहे इम दिशा में भामाशाहों, कार्मिक संगठन, धार्मिक ट्रस्ट, समाज सहयोगी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से अपील की वे पशु पक्षियों के लिए दाना, चारा और पानी की व्यवस्था एवं सार्वजनिक स्थानों पर छाया, पानी की व्यवस्था जैसे पुनीत कार्यों में अपनी सहभागिता दर्ज करें ताकि इस जानलेवा गर्मी के दौर में किसी भी जीव पर संकट न आए। यह संयुक्त पहल एक सराहनीय कदम है, जो मानवता और प्रकृति के सह-अस्तित्व का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। इससे न केवल पक्षियों को राहत मिलेगी, बल्कि आम जनता में भी पर्यावरण और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ेगी।

जिला कलक्टर किशोर कुमार ने विभागों को भेजे गए एमपी/एमएलए परिवादों की समीक्षा कर शेष परिवादों के जवाब भिजवाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए बिजली एवं पानी की व्यवस्था को सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उपखंड अधिकारियों एवं तहसीलदारों को सभी जगह पेयजल पूर्ति हेतु संकटग्रस्त क्षेत्रों में टैंकर द्वारा की जा रही सप्लाई की प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि मौसम में बदलाव को देखते हुए मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए उपयुक्त उपाय सुनिश्चित करें। उन्होंने बीमारियों की रोकथाम की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए अस्पतालों में सुविधाऐं बढाने, मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत निगम को पीएम सूर्य घर योजना का प्रचार प्रसार कर पात्र लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, कोऑपरेटिव वेद प्रकाश सैनी, उप निदेशक राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग सुरभि कुमारी चौधरी, जिला रसद अधिकारी राकेश सोनी, सीडीपीओ बीना गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद गेट, बिजली विभाग, पीएचईडी, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# मित्तल हॉस्पिटल अलवर ने अन्तर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस मनाया

**कठिन परिस्तिथियों में डटकर मुकाबला करते हुए हर मरीज को बेहतरीन सेवा देने का भाव हर किसी में हो- अल्का मित्तल**

**ज्यादा से ज्यादा समर्पण की भावना से बोर्डर से आये सैनिको की सेवा पर विशेष ध्यान देते हुए सेवा करें -लता सी बोस**



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर मित्तल हॉस्पिटल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस धूमधाम से मनाया गया। मित्तल हॉस्पिटल निदेशक डॉ.एससी मित्तल ने स्टाफ को सम्बोधित करते हुए कहा कि कोरोना महामारी के बाद अब देश के हालातो को देखते हुए नर्सिंग स्टाफ को और अधिक सजग होने तथा सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का सख्ती से पालन करना होगा ताकि मरीज के साथ.साथ स्वयं को भी सुरक्षित रखकर सेवा की जा सकी। मित्तल हॉस्पिटल की मैनेजिंग डायरेक्टर अलका मित्तल ने पूरे नर्सिंग स्टाफको गुलाब का फूल देकर बधाई देते हुए प्राणायाम करने तथा योग को अपनी दिनचर्या का अनिवार्य अंग बनाने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि कठिन परिस्तिथियों से डटकर मुकाबला करते हुए हर मरीज को बेहतरीन सेवा देने का भाव हर किसी में हो। मित्तल हॉस्पिटल के प्रशासक गिरीश गुप्ता के निर्देशन में संचालित इस कार्यक्रम में उन्होंने नर्सिंग स्टाफकी सेवाओं के महत्व व समर्पण को इंगित करते हुए समस्त नर्सिंग स्टाफको बधाई व धन्यवाद दिया। नर्सिंग सुपरिन्टेन्डेन्ट लता सी. बोस ने भी सभी नर्सिंग कर्मचारियों को बधाई देते हुए ज्यादा से ज्यादा समर्पण की भावना से खास तौर पर बोर्डर से आये सैनिको की सेवा पर विशेष ध्यान देने को कहा इस मौके पर डॉ.अभिषेक खण्डेलवाल, डॉ. रोताश कुमार, डॉ. अंशु कौशिक, नर्सिंग सुपरिन्टेन्डेन्ट लता सी बोस,आई सी यू इन्चार्ज लीना, सलिन, बिंदु राजपूत, क्वालिटी इंचार्ज पूजा शर्मा, आईसीएन रवि शर्मा, मुबारिक खान, वर्षा शर्मा, ओटी से बीना ओमप्रकाश, नीतू शर्मा, सामान्य वार्ड एवं प्राइवेट रूम इंचार्ज राजेंद्र शर्मा, कृष्णा पाठक, शिखा शर्मा, शबनम खान, मनीष चौधरी,जोगेन्द्र सिंह, आरिफ खान, अर्चना, सरिता शर्मा,रिया शर्मा, कंचन शर्मा उपस्थित रहे।

# कॉलेज ऑफ नर्सिंग हरीश हॉस्पिटल में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस मनाया



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** सोमवार को कॉलेज ऑफ नर्सिंग हरीश हॉस्पिटल में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस मनाया गया । हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर कॉलेज ऑफ नर्सिंग हरीश हॉस्पिटल कटोरी वाला तिबाराए तिजारा रोड अलवर में मैनेजिंग डायरेक्टर श्री विकास गुप्ता जी ने बताया कि पूरे विश्व में यह दिवस 1965 से हर साल मनाया जा रहा है। फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन के बारे में जानकारी दी और आधुनिक नर्सिंग प्रशिक्षण पर जोर देने को कहा। कॉलेज के प्रिंसिपल सुरेश सिंह ने समाज में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। सभी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने सादगी पूर्ण तरीके से लैंप लाइटिंग सेरेमनी के साथ प्रतिज्ञा ;नाइटेंगल प्लेजद्ध ली जिसका उद्देश्य होता है कि सभी नरसिंह विद्यार्थी पढ़ाई पूरी होने के प्रशिक्षित नर्स बनकर बिना किसी जाति के भेदभाव के समाज में अपनी सेवाएं देने के लिए तत्पर रहे। साथ में ताराचंद जी वाइस प्रिंसिपल ने आधुनिक नर्सिंग की जनक मिस फ्लोरेंस नाइटेंगल के द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्य को याद किया जाता है। इस वर्ष 2025 में इंटरनेशनल नर्सेज काउंसिल ने इसकी थीम दी है। कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग हरीश हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर विकास गुप्ता ने आज सभी को अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस की शुभकामनाएं दी। इस दौरान श्री विकास गुप्ता व श्री अमन अग्रवाल जी ने उत्कृष्ट छात्रों को अव्वल आने पर पुरस्कार वितरित किए और नर्सिंग के महत्वपूर्ण पर जोर डाला।

# शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने किया रक्तदान शिविर का शुभारंभ

**दिलावर बोले आपात स्थितियों की समीक्षा के लिए फलोदी आया,आपकी देश सेवा मुझसे भी बड़ी**

**शिविर में कुल 978 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ**

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के जन्मदिवस के अवसर पर सोमवार को उनकी विधानसभा क्षेत्र कोटा में न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सामने श्री अग्रसेन धर्मशाला में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

प्रातः 9.00 बजे शिविर के शुभारंभ के साथ ही स्वैच्छिक रक्तदाताओं का सैलाब उमड़ पाड़ा। शिविर में इस कदर रक्तदाता आ रहे थे कि ब्लड डोनेशन के लिए लगाई गई टेबल भी कम पड़ रही थी। लोगों को अपनी बारी आने के लिए इंतेज़ार करना पड़ रहा था।

माननीय मुख्यमंत्री के निर्देश पर बॉर्डर जिलों के सभी प्रभारी मंत्री अपने-अपने प्रभार के जिले में आपात तैयारी की समीक्षा करने के लिए गए है।

मंत्री श्री दिलावर फलोदी जिले के प्रभारी मंत्री हैं जो अति संवेदनशील जिला है। गत दिनों पाकिस्तान ने वहां हमला करने की कोशिश भी की थी। इसके चलते मंत्री जी मुख्यमंत्री के निर्देश पर रात को ही फलोदी निकल गए थे और आज शिविर में उपस्थित नहीं हो सके। किंतु मंत्री महोदय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से फलोदी से कोटा शिविर से जुड़कर




शिविर का शुभारंभ किया और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

शिविर में रक्तदान करने आने वालों की भीड़ उमड़ती रही ।आलम यह रहा कि शिविर स्थल छोटा पड़ गया है।

न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ब्लड बैंक प्रभारी अजय मेघवानी ने बताया कि दो दिन पहले माननीय शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री श्री मदन दिलावर को कोटा प्रवास के दौरान बताया गया था कि कोटा शहर में दो सरकारी ब्लड बैंक महाराव भीम सिंह चिकित्सालय एवं नवीन चिकित्सालय में रक्त की काफी कमी है। मरीजों की तुलना में रक्त की उपलब्धता नहीं है। इस पर मंत्री जी ने तुरंत अपने सहयोगियों और कार्यकर्ताओं को रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिए कहा, जिस पर दो दिन के अंदर उनके जन्म दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर करने का आवाहन किया गया और आज रक्तदान के लिए उनके कार्यकर्ता,समर्थक व प्रशंसक उमड़ पड़े और इतना रक्तदान किया की रक्त संग्रह करने वाली टीमें थक गई। लेकिन रक्तदाताओं का जोश काम नहीं हुआ। शाम 6.00 बजे तक भी रक्तदान करने वाले पहुंच रहे थे। शिविर में कुल 978 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ।

## इनका रहा सहयोग

रक्तदान शिविर के आयोजन में हिंदुस्तान स्काउट गाइड जिसके एक माननीय शिक्षा मंत्री पदेन अध्यक्ष हैं। इसके अतिरिक्त शिक्षक संघ राष्ट्रीय, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन,स्कूल शिक्षा परिवार,भारत स्काउट गाइड,एन सी सी कैडेट्स,एलबीएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स, शिव जयोती कॉन्वेंट स्कूल, आदर्श विद्या मंदिर,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद,कोटा, मां भारती कॉलेज सहित अन्य स्वयंसेवी संगठनों, समर्थकों और स्वयंसेवी रक्तदाताओं का सहयोग रहा।

शिविर में भाजपा शहर जिला अध्यक्ष श्री राकेश जैन तथा कोटा देहात भाजपा के युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष युधिष्ठिर खटाना,वार्ड पार्षद डॉ आर डी वर्मा,श्रीमती रेखा यादव तथा नितिन धरवाल, भाजपा गणेश नगर मंडल अध्यक्ष रामचंद्र नागर,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पुनीत राठौर भी उपस्थित रहे।




# अधूरी सड़क छोड़ भुला ठेकेदार, ठेकेदार को ब्लैकलिस्टेड करने की ग्रामीणों ने करी मांग, सोंपा ज्ञापन

बढता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ग्रामीण (के एम कुरेशी)।** फुलिया कला के पास के क्षेत्र के कादेड़ा क्षेत्र वासियों ने सोमवार को मेंहरू कलां रोड पर संबंधित ठेकेदार द्वारा पिछले 1 वर्ष से सीसी रोड निर्माण के लिए खड्डा खोदकर सड़क निर्माण करना भूल गया।

अधूरी सीसी सड़क को को पूरा करने के लिए उपखंड अधिकारी के नाम नायब तहसीलदार अर्पिता चौधरी को ज्ञापन सौंपकर अधूरी सीसी सड़क पूरी करने की मांग के साथ संबंधित ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने की मांग की ज्ञापन में बताया गया कि देवलिया कलां से सावर तक निर्माणाधीन सड़क निर्माण कार्य के दौरान मेहरू रोड पर सीसी रोड के निर्माण के लिए ठेकेदार ने मिट्टी उठाकर पिछले वर्ष से लेकर अभी तक उक्त जगह पर सड़क का निर्माण नहीं करने तथा सड़क से उठाई गई मिट्टी की जगह से हल्की सी बरसात में पानी भर जाता जिससे आवागमन में बाधा होती है।

साथ ही भारी वाहनों के निकलने से चारों ओर उड़ती धूल से क्षेत्र वासियों का जीना दुश्वार हो रहा है। उसी के साथ-साथ ही धुल से अस्थमा रोग की भी फेलने की संभावना रहती है। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि मुख्य सड़क से होकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रोगियों को पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी मार्ग से होकर प्रतिदिन सुबह सैकड़ो विद्यार्थी विद्यालय पहुंचते हैं। बरसात के दिनों में कीचड़ होने पर मार्ग पूर्ण रूप से बाधित हो जाता है। मिट्टी उड़ने से क्षेत्र के सभी व्यापारी परेशान है। भारी वाहनों के निकलने से मार्ग में गहरे गड्डे हो जानें से कई बार पैदल जहांगीर, दुपहिया वाहन, चौपहियां वाहन दुर्घटना से चोटिल हो रहे हैं। संबंधित ठेकेदार सांवरिया कंस्ट्रक्शन लिमिटेड उदयपुर के कंस्ट्रक्शन मैनेजर को कई बार अधूरी सड़क को पूरा करने की शिकायत व मांग कर चुके फिर भी ठेकेदार ग्रामीणों की समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है।

स्थानीय नागरिकों ने शीघ्र ही सीसी रोड को पूरा करने की मांग की एवं ठेकेदार द्वारा शीघ्र कार्य नहीं करवाया गया तो ठेकेदार के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ज्ञापन में क्षेत्र वासियों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर आगामी दस दिवस के भीतर कार्य प्रारंभ नहीं होता है तो मजबूरन क्षेत्र वासियों द्वारा चक्का जाम किया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# कोटा में मिनी सचिवालय के लिए स्कूल को हटाने का विरोध तेज़, नयापुरा को बताया अनुपयुक्त स्थान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** शिक्षा के नाम पर मंदिरों, मठों और हवेलियों में वर्षों से चल रहे स्कूलों को उनके मालिकों द्वारा आज तक खाली नहीं कराया गया, वहीं अब कोटा प्रशासन द्वारा एक पुराने और प्रतिष्ठित विद्यालय - वोकेशनल स्कूल, नयापुरा - को हटाकर उसकी जगह मिनी सचिवालय बनाने की योजना चर्चा में है।

इस प्रस्ताव का स्थानीय निवासियों, विद्यालय के छात्रों के अभिभावकों, शाला विकास समिति के सदस्यों द्वारा तीव्र विरोध किया जा रहा है।

यह विद्यालय कोटा के हृदयस्थल नयापुरा क्षेत्र में स्थित है, जहाँ से छात्र-छात्राओं को पहुँचने में कोई कठिनाई नहीं होती। यह स्थान बस, ट्रेन और अन्य यातायात साधनों से भी अच्छी तरह जुड़ा हुआ है।



### इनका कहना

ममता, अभिभावक सदस्य, शाला विकास समिति, ने कहा कि सरकार चाहे तो मिनी सचिवालय के लिए एयरपोर्ट की खाली पड़ी ज़मीन या दशहरा मैदान जैसे अन्य विकल्पों पर विचार करे। विद्यालय को हटाना अनुचित है।

### इनका कहना-

चंद्रकला शर्मा, अध्यक्ष, शाला विकास समिति ने कहा कि यह विद्यालय बहुत मेहनत और दानदाताओं के सहयोग से विकसित हुआ है। अब जाकर व्यवस्थाएँ सुचारू हुई हैं। हम इसे हटाने नहीं देंगे।

**-चंद्रकला शर्मा, अध्यक्ष, शाला विकास समिति**

### शिक्षा विभाग का पक्ष

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि प्रस्ताव उच्च स्तर पर विचाराधीन है, निर्णय वहीं से होगा।

### नयापुरा को अनुपयुक्त क्यों माना जा रहा है

- पहले से ही भारी ट्रैफिक दबाव (एमबीएस, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड)
- एम्बुलेंस व वीआईपी मूवमेंट के कारण बार-बार जाम की स्थिति
- स्थानीय यात्रियों और नागरिकों को असुविधा

### निष्कर्ष

कोटा में मिनी सचिवालय के निर्माण के लिए नयापुरा स्थित वोकेशनल स्कूल को हटाने का विरोध अब संगठित रूप लेता जा रहा है। जनता, शाला समिति और स्थानीय संगठनों का आग्रह है कि विकास के नाम पर बच्चों की शिक्षा और सुविधा से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। सरकार यदि चाहे, तो कोटा में मौजूद कई वैकल्पिक स्थानों पर विचार कर सकती है।

# राष्ट्रहित में चिकित्सकों से आव्हान-आई.एम.ए का शपथ ग्रहण समारोह

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** एलन सत्यार्थ सभागार जवाहर नगर कोटा में आई.एम.ए कोटा 2025-26 की काउन्सिल का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। समारोह में कोटा उदयपुर रीजन के रीजनल वाइस प्रेसिडेण्ड डॉ. आरपी शर्मा ने इण्डियन मेडिकल एसोसियेशन कोटा शाखा 2025-26 कार्यकारिणी के लिये डॉ. के.श्रृंगी को अध्यक्ष, डॉ. मनीष बोहरा को महासचिव , डॉ. कमलेश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, डॉ. दीपक गुप्ता को उपाध्यक्ष तथा अन्य सभी निर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी साथ ही इण्डियन मेडिकल एसोसियेशन के स्वर्णिम इतिहास के बारे मे जानकारी दी।

आई.एम.ए कोटा की संरक्षक एवं समारोह की विशिष्ट अतिथि आयुर्विज्ञान महाविद्यालय कोटा की प्राचार्या डॉ. संगीता सक्सेना ने वर्तमान परिस्थितियों में राष्ट्र सर्वोपरि मानकर सभी चिकित्सकों को सजगता और निष्ठापूर्वक कार्य करते हुये बेहतर सेवायें प्रदान करने की आवश्यकता




पर जोर दिया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. के. श्रृंगी ने आईएमए कोटा के उच्च आदर्शों पर चलते हुये वर्ष पर्यन्त चिकित्सक रोगी संबंधों को और बेहतर बनाने तथा कोटा के नागरिकों के लिये उच्चतम चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने में सहयोग का संकल्प लिया।

आई.एम.ए महासचिव डॉ. मनीष बोहरा ने बताया कि कोटा आई.एम.ए राज्य की दूसरी सबसे बडी शाखा है जिसमें कुल 1300 से अधिक सदस्य है एवं आई.एम.ए राजस्थान में 10 प्रतिशत से अधिक चिकित्सक कोटा से प्रतिनिधित्व करते है।

डॉ. बोहरा ने समारोह में आने वाले वर्ष में किये जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा रखी एवं संगठन को और मजबूत बनाने के लिये सभी चिकित्सकों से सहयोग का आव्हान किया। साथ ही विभिन्न संगोष्ठियों के माध्यम से चिकित्सा जगत में नित्य नये होने वाले अपडेट्स को चिकित्सकों के लिये उपलब्ध कराने के लिये अपने प्रतिबद्धता प्रकट की।

पूर्व अध्यक्षा डॉ. मीनाक्षी शारदा की अनुपस्थिति में पूर्व महासचिव डॉ. दीपक गुप्ता ने पिछली कार्यकारिणी के श्रेष्ठ कार्यों का विवरण रखा। डॉ. कुलदीप सिंह राणा ने आई.एम.ए को चिकित्सकों के हित में संप्रभुता तथा मान सम्मान बनाए रखने के लिये एक ट्रेड यूनियन की तरह संकल्पित रहना का आव्हान किया।

इस अवसर पर डॉ. एम.एल अग्रवाल, डॉ. के.के. पारिक, डॉ. जे.के. सिंघवी, डॉ. रामपाल, डॉ. आर.के. अग्रवाल, डॉ. एस.एन सोनी, डॉ. अमित व्यास, डॉ. एस. सान्याल, डॉ. पुरूषोत्तम मित्तल, डॉ. दीपिका मित्तल, डॉ. समीर मेहता, डॉ. अखिल अग्रवाल, डॉ. नीलेश जैन, डॉ. आर.पी.मीणा एवं अन्य वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद रहे।

# साप्ताहिक समन्वय बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** 12 मई को विभागों में आपसी समन्वय के लिए सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर लोक बन्धु ने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। आयोजित बैठक में जिला कलक्टर लोक बन्धु द्वारा बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में हुई प्रगति की समीक्षा की।

समस्त अधिकारी इनके क्रियान्वयन में हुई प्रगति की अद्यतन जानकारी रखें। साथ ही गूगल शीट पर भी अपडेट लगातार किया जाए। बजट घोषणाओं के कार्य की प्रत्येक स्तर पर समय सीमा तय होनी चाहिए। इसको ध्यान में रखते हुए ही कार्य में तेजी लाएं।

उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की बजट घोषणाओं की समीक्षा करते समय कार्य पूर्ण होने की समय सीमा को भी ध्यान में रखा जाएगा। कार्य में हुई प्रतिशत प्रगति से भी लगातार अपडेट करते रहें। वित्तीय वर्ष 2025-26 की अजमेर जिले से संबंधित घोषणाओं की समीक्षा उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा की गई थी।

# 15 दिवसीय नि:शुल्क क्रिकेट प्रशिक्षण समर केम्प 15 मई से 30 मई तक

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** जिले में क्रिकेट के खेल के संचालन के लिये गठित एडहॉक कमेटी जिला क्रिकेट संघ चित्तौड़गढ के तत्वाधान में जिला स्तरीय 15 दिवसीय नि:शुल्क क्रिकेट प्रशिक्षण समर केम्प 2025-26 का आयोजन आगामी 15 मई से 30 मई तक किया जा रहा हैं। जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के बालक एंव बालिकाओं के वर्ग की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। साथ ही योग शिक्षण शिविर का भी आयोजन किया जायेगा।

यह जानकारी देते हुये स्थानीय जिले की एडहॉक कमेटी जिला क्रिकेट संघ चित्तौडगढ के समन्वयक ने बताया कि जिला स्तरीय 15 दिवसीय नि:शुल्क क्रिकेट प्रशिक्षण समर केम्प का आयोजन 15 से 30 मई 2025 तक प्रतिदिन 7.00. से 8.30 तक महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर कॉलेज चित्तौड़गढ के खेल मैदान पर किया जायेगा। उक्त समर कोचिंग केम्प में स्थानीय जिले के मूल निवासी 14 वर्ष, 16 वर्ष, 19 वर्ष के बालक तथा 15 वर्ष व 19 वर्ष की बालिकाएं भाग ले सकेंगी।

स्थानीय जिले की प्रतिभाओं को आगामी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिये तथा इनके खेल कौशल को निखारने के लिये प्रशिक्षण में गेदबाजी, बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण के साथ-साथ योग शिक्षा भी दी जायेगी।

प्रशिक्षण कुलदीप बारेसा एंव रमन घारु वरिष्ठ खिलाड़ी तथा अजयपाल सिंह चुंडावत शा.शि. द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान बी.सी.सी.आइ. के प्रशिक्षकों को भी प्रशिक्षण हेतु बुलाया जायेगा।

प्रशिक्षण के दौरान 19 वर्ष तथा 16 वर्ष तक के खिलाड़ियों के लिये जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा। शिविर की व्यवस्थाओं के लिये एडहॉक कमेटी सदस्य जीतेंद्र कुमार विजयवर्गीय तथा नरेश कुमार वैष्णव को शिविर प्रभारी का प्रभार दिया गया हैं।

पूर्णतः नि:शुल्क इस कैम्प मे खिलाड़ियों को जो भाग लेने के इच्छूक हें उन्हें 15 मई 2025 को सुबह 6.30 से 7.00 तक अपनी उपस्थिति देकर अपना पंजीयन करना होगा। साथ ही अपना आधार कार्ड भी साथ ले कर आवें।

# विकास अधिकारी ने कैरोट में लगाई रात्रि चौपाल

**ग्रामीणों की सुनी समस्याएं, दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश**

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिले की भिनाय उपखंड की ग्राम पंचायत कैरोट में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुन कर मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। चौपाल में कुल 21परिवाद प्राप्त हुए। आयोजित रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, राशन वितरण एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को उपखंड अधिकारी के समक्ष रखा। विकास अधिकारी अर्जुन सिंह शेखावत ने सभी परिवेदनाओं को गंभीरता से सुना और प्रत्येक समस्या पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को



प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए।

यहां रात्रि चौपाल में अतिक्रमण, पेयजल, सड़क निर्माण, रास्ता खुलवाने, नाला बनाने तथा जल निकासी जैसी जन समस्याओं की सुनवाई की गई। उदयपुर खुर्द आंगनबाड़ी केंद्र के पास सफाई करने तथा आंगनबाड़ी केंद्र की मरम्मत करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों की समस्याओं का समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ग्राम पंचायतों में नियमित रूप से दौरे करें और जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी सुनिश्चित करें। इस दौरान रात्रि

चौपाल में पंचायत समिति विकास अधिकारी अर्जुन सिंह, तहसीलदार नीलम राठौड, नायब तहसीलदार रमेश, राजोरा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण केवट, उप प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, जीएसएस अध्यक्ष नेमीचंद शर्मा, पत्रकार घनश्याम दास,जलदाय एवं विद्युत विभाग के सहायक अभियंता, सरपंच नीता कवर राठौड सरपंच प्रतिनिधि ठाकुर साहब अनिरुद्ध सिंह जी राठौड, पटवारी कुशाल सिंह, विकास अधिकारी गोपाल लाल शर्मा, कैलाश दरोगा, भंवर लाल तिवारी,एलडीसी विकास जादम सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# विश्वकर्मा पांचाल समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न

**समाज के पिछड़े तबके के सहयोग के लिए आगे आये भामाशाह - संदीप शर्मा**

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** विधायक संदीप शर्मा ने कहा है कि आज के युग में जहां आडंबर और दिखावा चरम पर है ऐसी स्थिति में सामूहिक विवाह सम्मेलन आर्थिक रूप से कमजोर परिजनों के लिए बहुत जरूरी है इसलिए समाज के समृद्ध लोगों को भामाशाह बनाकर आगे आना चाहिए और पिछड़ी तबके के सहयोग के लिए सामूहिक विवाह सम्मेलनों का आर्थिक सहयोग करना चाहिए।

सोमवार को आयोजित श्री विश्वकर्मा पांचाल नवयुवक मंडल सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित सातवें सामूहिक विवाह सम्मेलन को मुख्य अतिथि पद से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक एकजुटता में लिए भी सामूहिक विवाह सम्मेलन बड़ी भूमिका निभाते हैं, जहां भिन्न-भिन्न स्थानों से आए हुए समाज के लोग एक जाजम पर बैठते हैं और एक ही पांडाल में सबका पाणिग्रहण संस्कार होता है।

समिति अध्यक्ष रामकिशन पांचाल ने बताया की आयोजन में कोटा के अलावा बूंदी, झालावाड़, बारां के कुल 17 जोडों का पाणीग्रहण संस्कार हुआ, वहीं राजस्थान के साथ मध्य प्रदेश से भी कुल 10 हज़ार से अधिक लोग कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर समाज के भामाशाहों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम को अध्यक्ष प्रेम बिहारी पांचाल, राजेंद्र पांचाल, महावीर पांचाल, विकास पंचाल, मोनू पांचाल, श्याम, भूपेंद्र, महावीर, सुरेश, रघुवीर आदी ने भी संबोधित किया।

# ब्लैक स्कॉर्पियो से कर रहे थे एस्कॉर्ट , 2 करोड़ की बताई जा रही है डोडा पोस्त

# हरियाणा एटीएम की मदद से नशे की बड़ी खेप पकड़ी

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** जिले के चिकसाना थाना क्षेत्र के ऊंचा नगला पर रविवार को हरियाणा एटीएफ की सूचना पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए झारखंड से राजस्थान के जोधपुर लेजा जा रही लगभग 2 करोड़ कीमत की 99 कट्टो भरी हुई 1996 किलो तोड़ा पोस्ट को जप्त किया है।

2 करोड़ की नशा खेप आने की कहानी

हरियाणा एसटीएफ ने बताया था एक कंटेनर और स्कॉर्पियो आएगी। एसपी मृदुल कछवाहा ने बताया- हरियाणा एसटीपीएफ से सूचना मिली थी कि शाम को एक लाल रंग के कंटेनर में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ आगरा से भरतपुर की ओर आ रहा है। स्ज्ञस्न ने यह भी बताया था कि इसके आगे एक काले रंग की स्कॉर्पियो इसे एस्कॉर्ट कर रही है। जिसमें 3 लोग सवार हैं। इसके बाद भरतपुर के चिकसाना थाने को सूचना देकर नाकाबंदी करवाई गई। इस दौरान हरियाणा स्ज्ञस्न ने यह भी अंदेशा जताया था कि गुप्त कार्रवाई की जाए अन्यथा ये लोग माल को कहीं छिपा सकते हैं। इधर, पुलिस स्कॉर्पियो सवारों से पूछताछ कर रही थी कि उन्हें पीछे से एक लाल रंग का कंटेनर आता हुआ दिखाई दिया।



### 4 आरोपी गिरफ्तार

डोडा पोस्त की खेप ले जा रहे कंटेनर के ड्राइवर बाबू सिंह (39) निवासी जावर (जोधपुर), स्कॉर्पियो सवार रेवंत राम (30) निवासी फलोदी, मुख्तियार (25) निवासी जाखण थाना मतोड़ा जिला फलौदी, मोहम्मद (34) निवासी जाखण थाना मतोड़ा जिला फलौदी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

### 99 कट्टों में भरा था डोडा पोस्त

एसपी कछवाहा ने बताया- इसके बाद कंटेनर पर लगे ताले को खोलकर देखा तो 99 कट्टों में करीब 1996 किलो से अधिक डोडा पोस्त मिला। पूछताछ में चारों आरोपियों में से कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इसके बाद एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई करते हुए चारों को गिरफ्तार किया है। इनके पास 28 हजार रुपए कैश, 5 मोबाइल भी मिले हैं।

शाम को एक काले रंग की स्कॉर्पियो आती दिखाई दी। इसके ड्राइवर ने नाकाबंदी देख रफ्तार बढ़ा दी। जाब्ते ने बैरिकेड लगा कर एसयूवी को रुकवाया और उनसे पूछताछ की। एसयूवी रोककर पूछताछ करने के दौरान पीछे से एसटीएफ के बताए अनुसार, एक लाल रंग का कंटेनर आता दिखाई दिया। जाब्ते ने उसे भी रुकवा लिया।

भरतपुर पुलिस ने इस मामले में जोधपुर के रेंज आईजी विकास कुमार से चर्चा की है। आईजी जोधपुर की विशेष टीम भी बाकी बचे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है। इस नेटवर्क में और कौन लोग शामिल हैं उनका पता लगाया जा रहा है।

### तस्कर कर रहे थे जंगीएप का प्रयोग

**प्राप्त जानकारी के अनुसार झारखंड से जोधपुर जा रही 2 करोड़ कीमत की डोडा पोस्ट के ट्रक के आगे एक काले रंग स्कॉर्पियो 1 किलोमीटर आगे एस्कॉर्ट कर रही थी कंटेनर ड्राइवर को 50000 और सव ड्राइवर को 80000 देना तय हुआ बताया जा रहा है आरोपी पुलिस से बचने के लिए लगभग 1000 किलोमीटर तक जंगी एप का प्रयोग करते आ रहे थे।**

## 45 बच्चों को मोमेंटम पदक एवं अन्य सामग्रियों द्वारा सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** उर्दू कोचिंग क्लासेस संस्था के संस्थापक जाकिर खान ने जो छात्र-छात्राएं अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए थे उनको आरएम मोटर्स हाईवे रोड के पास स्थित परिसर में एक बेहतरीन प्रोग्राम कर सभी बच्चों को मोमेंटम पदक एवं अन्य सामग्री द्वारा तथा माला पहनकर बच्चों की हौसला अफजाई करने के लिए बेहतरीन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में करीब 45 बच्चों को मोमेंटम पदक एवं अन्य सामग्रियों द्वारा सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया तथा बच्चों को प्रेरित किया कि आगे भविष्य में शिक्षा और उर्दू शिक्षा लेना भी बहुत जरूरी है इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री एवं समाजसेविका शालिनी शर्मा कांग्रेस सेवादल महिला जिला अध्यक्ष बाड़ी शबनम खान धौलपुर कांग्रेस पूर्व पार्षद मदीना कॉलोनी शोभा बाई कनिष्ठ सहायक पंचायत समिति अनीता सागर शबाना खान मौजूद रहे तथा कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एडवोकेट शरीफ खान मुबीन अहमद फारुकी साहब प्रोफेसर केमिस्ट्री हाजी अजमेरी साहब अनवर अहमद खान शहजाद जलमणि महासचिव कांग्रेस धौलपुर तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता मुन्ना अब्बासी पूर्व जिला ने की । इस कार्यक्रम को यह पूरा कार्यक्रम युसूफ खान धौलपुर की देखरेख में हुआ जिनकी अथक प्रयासों से कार्यक्रम सफल हुआ। इस कार्यक्रम में शिक्षा को लेकर अपने अपने विचार रखकर संबोधित किया। कांग्रेस नेत्री एवं समाजसेविका शालिनी शर्मा ने कहा कि आज के वक्त शिक्षण तालिम बच्चों के भविष्य के लिए बहुत जरूरी है आज के इस दौर में सभी छात्र छात्राओं और बच्चों को सभी भाषाओं का ज्ञान होना चाहिए तभी बच्चे आगे भविष्य में कामयाब होगी और कभी अच्छी-अच्छी नौकरियों के और अपने अन्य रोजगारों के अफसर प्रधान होते है। इस मौके पर केमिस्ट्री के लेक्चर मोबीन अहमद फारूकी ने भी बच्चों को ज्यादा से ज्यादा पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। इस प्रोग्राम में कई अध्यापक नीरज कनकोलिया आशीष मुद्गल केमेस्ट्री क्लासेस शब्बीर खान रियाज खान अमजद खान नौशाद खान कौसर खान मैडम नायाब मैडम मुस्कान खान आदि सभी शिक्षा से संबंधित अध्यापक मौजूद रहे इरशाद कुरैशी इस उर्दू कोचिंग क्लासेस संस्था 32 बच्चों को सम्मानित किया गया।

## कलश यात्रा के साथ श्री राम कथा अमृत महोत्सव का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**वैर /भरतपुर।** तृतीय संगीत मय श्री राम कथा अमृत महोत्सव एवं 21 कुंडीय महायज्ञ का शुभारंभ गणेश पूजन एवं कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा कस्बा के प्रमुख मार्गो से होकर बैंड बाजों के साथ निकली जिसका जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। श्री राम कथा का वाचन पंचायती अथाई भुसावर गेट पर कार्ष्णि पं. लक्ष्मी नारायण शास्त्री रूदावलवाले द्वारा किया जा रहा है। 12 मई से शुरू हुई कथा का समापन 20 मई को होगा तथा 21 मई बुधवार को 21 कुंडीय महायज्ञ व भंडारे के साथ समापन होगा। कार्यक्रम के अनुसार श्री राम कथा दोपहर 1 बजे से सायं 5 तक होगी। पंचायती अथाई भुसावर गेट व सर्व समाज द्वारा आयोजित श्री राम कथा महोत्सव के विषय में आयोजकों द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि प्राचीन काल से हमारे ऋषि मुनियों संतो ब्राह्मणों ने ज्ञान यज्ञ एवं यज्ञ के द्वारा समस्त जनमानस को दैहिक दैविक भौतिक त्रिविध तापों से मुक्त कर सुख शांति एवं सम्पन्नतादि हस्तगत की है।

## परिवार के टूटने एवं विघटन को रोकना होगा : पंडित रामकिशन

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर ( सत्य प्रकाश अग्रवाल )।** हमें समाज ओर देश में फैली बुराईयों को समाप्त करने के लिये प्रयास करने चाहिये। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं और बुजुर्गो का सम्मान होना चाहिये और परिबारों के दूटने और विघटन को भी रोकना चाहिये। यह कहना है शताब्दी पुरुष और पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन का। पूर्व सांसद पंडित रामकिशन बयाना उपखंड क्षेत्र के ग्राम कलसाड़ा में बड़े बाबा के मेले और संस्कृतिक कार्यक्रम के अवसर पर अपना उदबोधन दे रहे थे। इस अवसर पर संगीत कलाकारों ने महाभारत, रामायण, राजनीति भारत पाक युद्ध पर भी अपनी अपनी रचनाऐं प्रस्तुत की। कार्यक्रम



हजारों स्त्री पुरुषों ने हिस्सा लिया। बड़े बाबा विकास समिति द्वारा शताब्दी पुरुष एवं पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन सहित पानी आन्दोलन के नेता इन्दल सिंह जाट, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा जाट चोरासी के अध्यक्ष गजानंद वजीरपुर सहित बड़ी संख्या में पधारे गणमान्य नागरिको का माला साफा दुपट्टा और बाबा की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विजय सिंह पूर्व सरपंच, निहाल सिंह गुर्जर पूर्व सरपंच, मंगती राम शर्मा, विनोद शर्मा, गम्भीर सिंह, जसमत, मनोज उपाध्याय, रोहित जाँगिड़, बबलू चौधरी, सुमरन सिह, विष्णु डागुर अध्यक्ष चौबीस गाँव जाट समाज हिन्डौन, तेज सिंह डागुर महामंत्री, देवी सिंह सौलंकी, भरत सिंह डागुर ढिढोरा, गोविन्द सिंह, आदी का भी स्वागत किया गया।

## बुद्ध आदर्शों पर आधारित त्रिगुण पावन बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी।** अंबेडकर भवन में त्रिगुण पावन बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर भगवान बुद्ध के बताए गए आदर्शों को याद किया और उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भगवान बुद्ध के जीवन, शिक्षाओं और आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बुद्ध विश्व में शांति, करुणा और अहिंसा के प्रतीक हैं। उन्होंने चार आर्य सत्यों के माध्यम से दुख और उसके समाधान का मार्ग बताया—जीवन में दुख है, उसका कारण तृष्णा है, तृष्णा का अंत संभव है और अष्टांगिक मार्ग से मुक्ति संभव है।अष्टांगिक मार्ग में सम्यक दृष्टि, संकल्प, वाणी, कर्म, आजीविका, प्रयास, स्मृति और समाधि जैसे तत्वों का समावेश है, जो व्यक्ति को आत्मिक शुद्धि और मोक्ष की ओर ले जाते हैं। बुद्ध ने जीवन में अहिंसा, करुणा, मैत्री और समभाव को मूलमंत्र माना और जात-पात व भेदभाव का विरोध करते हुए




सभी को समान दृष्टि से देखने की शिक्षा दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुआलाल प्रधान प्रतिनिधि सरमथुरा थे। इस अवसर पर गणेश कुमार धाकड़े सेवानिवृत्त उपनिदेशक, शिक्षा विभाग भरतपुर, रामवीर सिंह धौलपुर, छोटेलाल बसेड़ी सेवानिवृत्त गिरदावर, नैमी सिंह समाजसेवी अंबेडकर शोभायात्रा अध्यक्ष, राजेंद्र प्रसाद मौर्य, ओम प्रकाश अध्यापक, राजवीर सिंह पार्षद, अमर सिंह पूनिया, मोहर सिंह अध्यापक, लक्ष्मण सिंह सेवानिवृत्त लेक्चरर, राम चरण पीटीआई, शिव सिंह ठेकेदार, नरेश ओसवाल, सुनील दादुर वाले, मांगीलाल आर्य सहित सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन मानसिंह अध्यापक ने किया।

## महासभा कराएगी समाज की जनगणना, कायस्थ कार्ड योजना प्रारंभ



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक जिला अध्यक्ष राकेश चन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई। बैठक का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी महेश चन्द्र श्रीवास्तव राकेश चन्द्र श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, दिनेश चंद्र श्रीवास्तव डॉ सुभाष श्रीवास्तव, ने ब्रह्मांड का लेखा जोखा रखने वाले आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज के चित्र पर मालार्पण कर किया। जिला अध्यक्ष राकेश चन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि कायस्थ समाज की शैक्षिक, सामाजिक, आर्थिक आधार पर जनगणना के लिए कायस्थ कार्ड योजना चलाई जा रही है। जिसका शुभारंभ किया गया है। श्री चित्रगुप्त समिति जिला अध्यक्ष विजय श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ कार्ड योजना कायस्थ समाज को नए आयाम प्रदान करेगी। देश में कायस्थ समाज की जनगणना में मील का पत्थर साबित होगी। महासभा युवा जिला अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव एवं युवा जिला महामंत्री नीकेश सक्सेना ने बताया कि वर्तमान में कायस्थ समाज की जनगणना होना अतिआवश्यक है देश में कायस्थ समाज पिछड़ता जा रहा है और राजनैतिक दलों ने कायस्थ समाज को हाशिए पर रखा हुआ है। डॉ सुभाष श्रीवास्तव ने हाशिए पर रखा हुआ है। डॉ सुभाष श्रीवास्तव ने कहा कि महासभा के पदाधिकारीगण जिले में अपने अपने क्षेत्रों में घर घर भ्रमण कर कायस्थ कार्ड बनाने के लिए सम्पर्क कर कार्ड बनाएंगे। बैठक में अशोक कुमार श्रीवास्तव, दिनेश कुमार श्रीवास्तव, एडवोकेट सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, रुचि सक्सेना, अंकिता खरे, मंजू श्रीवास्तव, शिवानी, पवन श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव, अरविंद, विपिन कुमार श्रीवास्तव, विजय कुमार, मुकेश, साधना श्रीवास्तव, ममता श्रीवास्तव, रागनी सक्सेना, अतुल कुमार, जितेंद्र श्रीवास्तव, ऋषिकेश सक्सेना, विष्णु श्रीवास्तव लक्ष्मण माथुर, विनीता माथुर, अनुष्का, पूर्वा श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## कैलाश चंद गोयल अध्यक्ष व रवि गोयल बने सचिव

### अपना घर सेवा समिति के निर्विरोध चुनाव संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**बसेड़ी ( राजू शर्मा )।** असहाय लावारिस निराश्रित लोगों की सेवा में समर्पित संस्था अपना घर सेवा समिति बसेड़ी की स्थानीय इकाई की साधारण सभा की बैठक समिति अध्यक्ष हरिओम गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित की गई, इस दौरान अध्यक्ष गर्ग द्वारा कार्यकाल पूर्ण होने पर पुरानी कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा करते हुए चुनाव कराने का प्रस्ताव रखा। चुनाव प्रक्रिया चुनाव निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल की देखरेख में अग्रवाल धर्मशाला बसेड़ी में आम सहमति से निर्विरोध चुनाव सपन्न कराए गए जिसमें नवीन कार्यकारिणी का विधिवत गठन करते हुए संरक्षक हरिओम गर्ग, अध्यक्ष पद पर कैलाश चंद गोयल, सचिव रवि गोयल दौपुरा वाले, कोषाध्यक्ष हेमंत बंसल, उपाध्यक्ष महेश कुमार परमार, सह सचिव भीमसिंह परमार, यात्रा प्रमुख संजय अग्रवाल, निरीक्षक अशोक गर्ग दिनकटा वाले, चिकत्सा प्रभारी सुरेश चंद शर्मा, प्रभुजी प्रमुख सुनील गोयल, रक्तदान प्रभारी संजय गर्ग, पशुपक्षी प्रभारी महेश पचौरी, मीडिया प्रभारी मनोज परमार को निर्विरोध चुना गया। संरक्षक पद पर हरिओम गर्ग को चुना गया।

## आगामी पीढ़ी को भारतीय इतिहास से रूबरू कराकर संस्कारवान बनाना होगा

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भारतीय संस्कृति पर पश्चिमी प्रभाव पड़ने से अपनी सभ्यता एवं संस्कृति की रक्षा के लिए पंच प्रण एवं बालको को संस्कार वान बनाने में विद्या भारती अपनी महत्ती भूमिका वखूबी निभा रही है, यह कहना है आदर्श विद्या मंदिर समिति भरतपुर के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार भानु का योगेंद्र कुमार भानु स्थानीय माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर द्वारा रविवार की देर श्याम आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के अवसर पर वतौर मुख्य वक्ता अपना उद्बोधक दे रहे थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आनन्द प्रकाश धावई अध्यक्षता चंद्रशेखर शर्मा ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ भरतपुर संभाग के महामंत्री प्रमोद कुमार पांडे सीडीपीओ नीरज शर्मा एवं इस पूर्व छात्र मंथन जनरल पूर्व जिला प्रमुख द्वारका प्रसाद गोयल आदर्श विद्या मंदिर



समिति भरतपुर के सचिव संतोष कटारा रहे। विद्यालय के पूर्व छात्र भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी मंथन जिंदल ने विद्यार्थी जीवन के संस्मरण सुनाते हुए कहा कि लगातार परिश्रम करने से सफलता अवश्य मिलती है हमें निराश नहीं होना चाहिए लक्ष्य प्राप्ति के लिए बराबर मेहनत करते रहना चाहिए। दीप प्रष्कल प्रज्ज्वलित के साथ शुभारंभ हुए कार्यक्रम में विद्यालय के भैया बहनों द्वारा रंगारंग देशभक्ति के गीतों के साथ प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर उप समिति के संरक्षक शेर सिंह सैनी अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रवाल व्यवस्थापक रोहित कुमार सिंघल पूर्व व्यवस्थापक शिक्षाविद् कुंजीलाल शर्मा, डॉ. रघुनाथ पचहरा, शिक्षाविद् मनीष मित्तल सहित बांके बिहारी शर्मा महेश मीणा, पंडित कपिल, नवनीत कुमार सिंघल, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं अभिभावक को उपस्थित रहे।

## सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई, 50 किलो प्लास्टिक कैरी बैग की जब्त

बढ़ता राजस्थान


**बसेड़ी(राजू शर्मा)।** नगर पालिका बसेड़ी की ओर से सिंगल प्लास्टिक यूज आइटम तथा पॉलिथीन कैरी बैग्स को प्रतिबंधित करने एवं कैरी बैग के उपयोग को रोकने के लिए उपखंड अधिकारी सुधारानी मीणा एवं अधिशाषी अधिकारी बृजेश कुमार सिंह के निर्देश पर मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में नगरपालिका टीम के सहयोग से बसेड़ी के बाजार में अभियान चलाया गया। अभियान के तहत लगभग 50 किलो प्लास्टिक कैरी बैग प्लास्टिक को जब्त किया गया एवं दुकानदारों से जुर्माना वसूला गया। कस्बे में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग के खिलाफ हुई कार्रवाई से दुकानदारों में हडक़ंप मच गया। कई दुकानदारों ने सिंगल यूज प्लास्टिक को हटा दिया। मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार को कस्बे के स्टेशन रोड, पीपल मंडी, मुख्य चौराहा के पास राज्यसरकार द्वारा प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ कार्यवाही की गई इस दौरान आम जनता तथा दुकानदारों को इनका उपयोग एवं भंडारण नहीं करने के लिए समझाइश की। साथ ही आम जनता तथा ग्राहकों को प्रतिबंधित प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में बताया एवं आग्रह किया कि बाजार के निकलते समय अपने साथ थैला लेकर चलें तथा कोई भी सामान प्लास्टिक कैरी बैग्स में

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कब्जाई शौचालय की जमीन, जेसीबी से ढहाया अवैध निर्माण

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** नगर परिषद ने रविवार को अतिक्रमण अभियान अभियान के दौरान बड़ी कार्रवाई की। कचहरी मोड़ के नजदीक बाग भवा सहाब के बाड़ा में सरकारी जमीन पर बने शौचालय की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया। जिस पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष साकेत बिहारी द्वारा कब्जा कर लिया गया था। नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा ने बताया कि बाग भवा सहाब के बाड़े में सरकारी जमीन पर शौचालय बने हुए थे। जिसे कांग्रेस नेता ने अपनी दीवार की हद में कर लिया था। उसे नगर परिषद ने कब्जाधारी से अतिक्रमण मुक्त कराया है। नगर परिषद लगातार अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। ऐसे में नगर परिषद की ओर से शहरवासियों से अपील है कि स्वयं अतिक्रमण को तोड़ ले, अन्यथा नगर परिषद अतिक्रमण को ध्वस्त करने के लिए बाध्य होगा। ऐसे कई सफेदपोश नेताओं के खिलाफ नगर परिषद अब तक बड़ी कार्रवाइयां कर चुका है, जिन्होंने सरकारी जमीन पर कब्जा कर रखा था। नगर परिषद की कार्रवाई को देखकर आम से लेकर खास तक दहशत में है।

हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने से आक्रोशित लोगों ने नप आयुक्त अशोक शर्मा के निवास का घेराव किया और हंगामा किया। इस दौराने आयुक्त पर अतिक्रमण के नाम पर मनमानी करने का आरोप लगाया। आयुक्त ने घेराव करने व भीड़ को उकसाने वाले संदिग्ध लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एसपी को पत्र लिखा है। जिसमें बताया गया है कि बीते शनिवार और रविवार को दो दिन आयुक्त निवास का लोगों ने घेराव किया था। अतिक्रमण अभियान व सफाई व्यवस्था के दौरान भी कुछ संदिग्ध लोगों ने राजकाज में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश की थी।



जिसके कारण राजकाज में बाधा उत्पन्न हुई और आयुक्त निवास के बाहर हंगामा करने के दौरान भीड़ में मौजू कुछ असमाजिक तत्वों ने हंगामा कर रही महिलाओं और पुरुषों को पथराव करने के लिए भी उकसाया था। जिसकी एक वीडियो क्लिप भी एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न कर सौंपी गई है।

## बाड़ी के महाराणा प्रताप खेल मैदान की चारदीवारी टूटी: खिलाड़ियों के लिए पानी-पंखे की व्यवस्था नहीं, पार्क में टूटे झूले; खेल संघ ने दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी खेल संघ ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल को महाराणा प्रताप खेल मैदान की दुर्दशा को लेकर एक ज्ञापन दिया है। खेल संघ के अध्यक्ष श्याम राय और उपाध्यक्ष अमर सिंह पोसवाल के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कई समस्याएं उठाई गई है। ज्ञापन में बताया कि मैदान की चारदीवारी टूटी होने से आवारा जानवर और लोग अंदर घुस जाते हैं। इससे मैदान की घास और पेड़-पौधे नष्ट हो रहे हैं। खिलाड़ियों के लिए ऑडिटोरियम में पंखे नहीं हैं। पीने के पानी की व्यवस्था भी नहीं है।मैदान के मुख्य द्वार पर लिखा नाम भी हट गया है। साथ ही पार्क की स्थिति भी खराब है। झूले टूटे पड़े हैं और व्यायाम के उपकरण खराब हैं। यहां रोज सुबह-शाम शहर के महिलाएं, पुरुष और बच्चे घूमने और व्यायाम करने आते हैं। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल ने सभी समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया है। उन्होंने खेल संघ के लिए एक कमरा देने की भी स्वीकृति दी है।

## भीलवाड़ा में नर्सेज दिवस पर राष्ट्रगान गाकर दी वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )** । 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस के मौके पर महात्मा गांधी अस्पताल परिसर में जिले के सैकड़ों नर्सिंग कर्मियों ने अनूठे तरीके से यह दिन मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई, जिसे देश के वीर सैनिकों को समर्पित किया गया। फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिवस पर मनाए जाने वाले इस दिवस पर राजस्थान नर्सेज यूनियन के जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट ने बताया कि नर्सिंग स्टाफ ने देश के जवानों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना की और देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किया। इस बार कार्यक्रम को भारतीय सेना के सम्मान में समर्पित किया गया। नर्सेज एसोसिएशन के संरक्षक फरीद मोहम्मद रंगरेज ने बताया कि बड़े स्तर पर कार्यक्रम की तैयारी थी, लेकिन देश की वर्तमान स्थिति को देखते हुए सादगी से मनाने का निर्णय लिया गया और कार्यक्रम की निधि सैनिक कल्याण कोष में दी गई। अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरुण गोड की उपस्थिति में नर्सिंग स्टाफ ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर महिला जादूगर आंचल ने भी प्रदर्शन कर नर्सों को शुभकामनाएं दीं। सीनियर नर्सिंग ऑफिसर कैलाश चंद्र रेगर ने बताया कि एकत्र राशि सैनिक कल्याण के लिए समर्पित की गई। कार्यक्रम में नर्सिंग अधीक्षक दुर्गालाल मीणा, उप अधीक्षक मुकुटराज सिंह, राजकुमार शर्मा, लीला शर्मा, वीना फिलिप, बीजू मैथ्यू, ओमप्रकाश जैन, संरक्षक शंकरलाल पायक, पूर्व अधीक्षक दिनेश सोनी, कार्यकारी जिलाध्यक्ष ललित जीनगर, शहर अध्यक्ष लालसिंह राठौड़, ग्रामीण अध्यक्ष अमित व्यास, मेडिकल कॉलेज अध्यक्ष निरंजन चंपावत एवं कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए।

## राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन एकीकृत खंड सूरतगढ़ ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस



बढ़ता राजस्थान

**सूरतगढ़ ( नि.स. )**। राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन एकीकृत सूरतगढ़ ब्लॉक के तत्वाधान में 12 मई 2025 को अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि संदीप कासनिया, सीएचसी प्रभारी नीरज सुखीजा, बीसीएमओ मनोज अग्रवाल राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन एकीकृत के ब्लॉक अध्यक्ष शीशपाल बिजारणिया नर्सिंग ऑफिसर,पूरन भाटिया, नर्सिंग ऑफिसर राकेश बिश्नोई, नर्सिंग ऑफिसर भगवाना राम, रीना जॉर्ज आदि ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पित किए तथा मुख्य अथिति व सीएचसी प्रभारी व बीसीएमओ ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। समाजसेवी संदीप कासनिया ने सभी कर्मचारियों को संबोधन करते हुए नर्सिंग के प्रोफेशन को महान कार्य बताते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए उचित कदम उठाने तथा अपने द्वारा सूरतगढ़ सीएचसी तथा पुरे ब्लॉक के स्वास्थ्य क्षेत्र के विकास हेतु हमेशा तैयार रहने की बात कर्मचारियों के सामने रखी तथा ब्लॉक सूरतगढ़ के सभी कर्मचारियों को धन्यवाद प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के लिए बीसीएमओ मनोज अग्रवाल व सीएचसी प्रभारी नीरज सुखीजा ने राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन एकीकृत ब्लॉक सूरतगढ़ के अध्यक्ष शीशपाल बिजारणिया व उनकी पूरी टीम को कार्यक्रम आयोजन पर धन्यवाद दिया तथा सभी नर्सिंग स्टाफ को नर्सिंग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन एकीकृत के ब्लॉक अध्यक्ष शीशपाल बिजारणिया ने सम्बोधित करते हुये सभी नर्सेज साथियों को बधाई दी व कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि तथा उपस्थित सभी डॉक्टर्स का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉक्टर नरेश चुघ, डॉक्टर इंद्र कुमार चुघ, आईएमए अध्यक्ष डॉक्टर अक्षय बसाली, डॉक्टर जयंत व्यास, डॉक्टर शैलेन्द्र सिंह, डॉक्टर मांगीलाल लेगा, डॉक्टर भरत भूषण, डॉक्टर हनुमान प्रसाद, डॉक्टर लोकेश अनुपानी, व नर्सिंग ऑफिसर प्रभारी सुरेंद्र पारीक, नर्सिंग ऑफिसर मुनि चौधरी, बबिता, किरणा, मंजू, माधवी, उषा, दयावान्ति, कविता, जयप्रकाश फ़ार्मसिस्ट, अशोक शर्मा फ़ार्मसिस्ट, सतीश टांक, एएनएम मनोज कुमारी, बथेरी व अन्य सूरतगढ़ ब्लॉक स्टाफ इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# जिला प्रमुख की अध्यक्षता में जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक संपन्न

## सड़क विकास, संपर्क मार्गों और जनसमस्याओं के समाधान पर रहा जोर

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )** । जिला प्रमुख बरजी बाई भील की अध्यक्षता में जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक सोमवार को सम्पन्न हुई। बैठक में पूर्व में उठाए गए मुद्दों की समीक्षा की गई और विशेष रूप से सड़क निर्माण के प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में सदस्यों द्वारा ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क निर्माण और अन्य आवश्यक बुनियादी सुविधाओं को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। पूर्व की बैठकों में उठाए गए विषयों पर हुई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण करें और सभी सदस्यों को अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराएं। सार्वजनिक निर्माण विभाग से संबंधित विषयों पर विशेष रूप से चर्चा हुई, जिसमें जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।




जिला प्रमुख ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु से पहले क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कार्य प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। स्वीकृत सड़क निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कर ठेकेदारों को समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण कराने हेतु पाबंद किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिया और सड़कों के समीप जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, सड़क मार्गों से अतिक्रमण हटाया जाए तथा आबादी क्षेत्रों से गुजरने वाले व्यस्त मार्गों पर गति अवरोधक बनाए जाएं। दुर्घटना संभावित स्थलों व मोड़ों पर बबूल और कंटीली झाड़ियों की कटाई कर दृश्यता में सुधार के निर्देश भी दिए गए।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत व्यापक नवीन संपर्क प्राथमिकता सूची के प्रस्तावों को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। इन प्रस्तावों के माध्यम से उन गांवों, बस्तियों और शैक्षणिक संस्थानों को मुख्य सड़कों से जोड़ा जाएगा जो अब तक संपर्क मार्गों से वंचित रहे हैं। जिला परिषद के सीईओ चंद्रभान भाटी ने कहा कि परिषद का उद्देश्य आमजन की बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति और समग्र विकास को गति देना है। उन्होंने ग्रीष्मकाल को देखते हुए पेयजल समस्या पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई और खराब ट्यूबवेल व हैंडपंप को दुरुस्त करने तथा नवीन स्वीकृत का निर्माण शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय जिले के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। बैठक में शहर विधायक अशोक कोठारी, आसींद विधायक जब्बर सिंह, माण्डलगढ़ विधायक गोपाल लाल खण्डेलवाल, उप जिला प्रमुख शंकर गुर्जर, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति के प्रतिनिधिगण, अन्य जनप्रतिनिधि और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बड़ौदिया माली समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 74 जोड़े बने हमसफर

बढ़ता राजस्थान

नैनवां,(टी.आर सैनी)। हिण्डोली ब्लॉक क्षेत्र के बड़ौदिया में माली-सैनी समाज का आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में 74 जोड़े परिण्य सूत्र में बंधे। सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन आदर्श माली विकास समिति द्वारा किया गया। पदाधिकारियो ने अतिथियो का सत्कार, पाण्डाल की व्यवस्था, वरमाला का आयोजन,भोजन व्यवस्था का नजरा घर में होने वाली शादी जैसा रहा। प्रथम बार जिले में ऐसा आयोजन देखने को मिला जिसमें घर जैसा वातावरण था सभी अतिथियों के लिए गन्ने की चर्खियां से जूस की उपलब्धता थी ठंडे पानी की व्यवस्थाएं थी और पार्किंग सब चाक चैबंद थी। कम खर्च में अच्छा आयोजन,समाज जागरूक है-प्रथम सत्र में विधायक अशोक चांदना व सीताराम सैनी, राधेश्याम गुप्ता ने मां सरस्वती को दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। विधायक ने कहा कि पूरे हिंडोली विधानसभा और जिले में यह 74 जोड़ों का माली समाज का बहुत बड़ा आयोजन है और कहा कि सभी कम पैसों में इतने अच्छे आयोजन में माली समाज में जिस प्रकार की प्रगति की है। वह देखने लायक है उन्होंने समाज के लिए शिक्षा पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष सीताराम ने अपने वक्तव्य में समाज को आगे बढ़ने शिक्षा में आगे बढ़ाने और सामूहिक विवाह सम्मेलन में विवाह करने के लिए समाज के अग्रजनों से आग्रह किया उन्होंने ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के सिद्धांतों को अपनाने के लिए कहा गया और सम्मेलन समिति को शानदार आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

## ग्राम पंचायत बिचपुरी की सरपंच उगन्ती देवी की मृत्यु होने पर पद रिक्त घोषित

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया ने पंचायत समिति बामनवास की ग्राम पंचायत बिचपुरी की महिला सरपंच उगन्ती देवी की मृत्यु होने जाने पर राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम 1994 की धारा तथा राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियम 26 एवं पंचायतीराज विभाग की अधिसूचना द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ग्राम पंचायत बिचपुरी की सरपंच का पद तत्काल प्रभाव से रिक्त घोषित किया है।

## अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस को कपासन ब्लॉक में चिकित्साकर्मियों ने सादगीपूर्वक मनाया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )**। नगर के राजमार्ग स्थित उपजिला चिकित्सालय केंद्र कपासन पर सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस नर्सिंगकर्मियों द्वारा सादगीपूर्वक मनाया गया।

आरएनए के कपासन ब्लॉक अध्यक्ष जयंत जोशी ने बताया कि चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेंद्र शर्मा की अगुवाई में फ्लोरेंस नाईटएंगल की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन कर श्रद्धांजलि दी गयी।साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं द्वारा नर्सेस दिवस सेवा को समर्पित दिवस बताया तथा चिकित्सालय में आने वाले मरीज के सामने चिकित्सा एवं सेवा कार्य का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करने हेतु चिकित्साकर्मियों को प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम के अंत मे उपजिला चिकित्सालय केंद्र कपासन पर कार्यरत नर्सिंग कर्मियों द्वारा बिस्किट का वितरण किया गया।इस मौके पर कपासन ब्लॉक क्षेत्र में स्थित समस्त चिकित्सा संस्थानों में सादगीपूर्वक नर्सेस दिवस मनाया गया।इस अवसर पर नर्सिंग ऑफिसर बलदेव सोमानी,अशोक त्रिपाठी,नर्सिंगकर्मी गीता रेगर,शारदा स्वर्णकार,राजकुमारी आमेटा,नीलम रेगर,सीमा जाट,प्रदीप शर्मा,लेब टेक्नीशियन अरशद खान,रेनु जाट,एलए गायत्री गर्ग,मोहसिना मंसूरी, मनोहर सुथार, कंप्यूटर ऑपरेटर नरेश कुमार गर्ग, सुनीता कुमावत,राधिका सरगरा,कविता कुम्हार, आरिफ खान,कन्हैयालाल खटिक आदि नर्सिंग एवं चिकित्साकर्मी उपस्थित रहे।



## नगर माहेश्वरी युवा संगठन ने किया भीलवाड़ा दौरे पर आए राष्ट्रीय पदाधिकारियों का भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (अमित शर्मा) । नगर माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा एक दिवसिय दौरे पर भीलवाडा प्रधारे राष्ट्रीय प्रदाधिकारीयो का अध्यक्ष अर्चित मूंद्रडा व मंत्री अकिंत लाखोटिया के नेतृत्व मे भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय प्रदाधिकारीयो ने महासभा की कल्याणकारी योजनाओं को समाज के सभी वर्गो बच्चों, युवाओं, महिलाओं तक पहुंचाने पर चर्चा की। मिडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया की अखिल भारत वर्षीय माहेश्वरी महासभा अर्थमंत्री राजकुमार कालिया, युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद सोनी, महामंत्री प्रदीप लढ़ा, पुर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सीपी नामधराणी, उपाध्यक्ष पश्मिांचल अनुज सोनी, मांडलगढ़ प्रधान जितेन्द्र मूंद्रडा के



भीलवाडा पधारने पर नगर युवा टीम सहित विभिन्न क्षेत्रीय संगठनो के पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत अभिनंदन किया। अखिल भारत वर्षीय माहेश्वरी महासभा अर्थमंत्री राजकुमार कालिया ने कहा की वर्तमान समय में समाजजनों का एकजुट होना अत्यंत आवश्यक है। मुझे नहीं लगता कि कोई गुटबाजी पहले भी रही होगी। थोड़ा बहुत मत का भेद हो सकता है लेकिन मनभेद हमारे यहां नहीं होता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद सोनी ने कहा कि युवा पीढ़ी को समाज में आगे आना चाहिए। अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन एक प्रमुख युवा संगठन है जो माहेश्वरी समुदाय के युवाओं के विकास और कल्याण के लिए काम करता है। यह संगठन विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम और गतिविधियों का आयोजन करता है, जैसे कि सेमिनार, वेबिनार, बिजनेस कॉन्क्लेव, और अन्य सामाजिक कार्यक्रम। इस अवसर पर शशांक बिरला, प्रतीक कचोलिया, संजय लाहोटी, राजेंद्र मालू, विशाल बाहेती, कमल सोनी, राहुल गग्गड़, अजय मूंदड़ा, कृष्ण गोपाल मूंदड़ा सहित प्रदेश, जिला, व नगर के कई युवा साथी मौजूद रहे।

## एसएमएस से पता लगेगा, आरजीएचएस में कितनी राशि का बिल बना

**जयपुर, 12 मई।** वित्त विभाग ने राज्य में आरजीएचएस योजना में दावों के सम्बन्ध में विभिन्न प्रकार की जाँचों व अंकेक्षण का कार्य किया है। इस जांच में खुलासा हुआ है कि कई प्रकरणों में राजकीय कार्मिक/पेंशनर्स/ उनके लाभार्थी परिजनों को यह सूचना नहीं थी कि उनके आरजीएचएस कार्ड के माध्यम से वे कितना लाभ प्राप्त कर चुके हैं और कई मामलों में बिना लाभ प्राप्त किये ही उनके कार्ड के माध्यम से भुगतान दिखा दिया गया। समस्या की गहनता को देखते हुए इस सम्बन्ध में जांच और फीडबैक में पाया गया कि फार्मेसी से ली जाने वाली दवाइयों के सम्बन्ध में तो एक एसएमएस पूर्व में जाता था जिसमें दवाईयों पर होने वाले खर्च की राशि बताई जाती थी परन्तु यह एसएमएस आईपीडी/ओपीडी/डे केयर दावों के सम्बन्ध में नहीं था।

## शिक्षक संघ शेखावत की बैठक में प्रदेशव्यापी आंदोलन को लेकर चर्चा की




बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )**। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उप शाखा कपासन कार्यकारिणी की बैठक ब्लॉक अध्यक्ष शंकरलाल चौधरी की अध्यक्षता में नगर के राजमार्ग स्थित दुर्गा माता मंदिर परिसर में आयोजित की गयी।

ब्लॉक मंत्री राजेंद्र यादव ने बताया कि कार्यकारिणी की बैठक में संगठन का 15 सूत्रीय मांगपत्र तथा शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के प्रदेशव्यापी आंदोलन, जत्था कार्यक्रम एवं पैदल कूच को लेकर शिक्षक पदाधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श कर रूपरेखा तैयार की गयी। इस अवसर पर शिक्षक संघ शेखावत संगठन के कोषाध्यक्ष प्रमोद जांगिड़, उपाध्यक्ष फारूक खान, ब्लॉक संघर्ष समिति संयोजक राकेश वर्मा,सुधीर कुमार आदि उपस्थित रहे ।

## खानपुरा ग्रांमीणो का अंदेशा सुसाइड नहीं मर्डर हुआ है, ईश्वर लाल माली का

बढ़ता राजस्थान

नैनवां,(टी.आर सैनी)। सोमवार को एक बार फिर खानपुरा गांव के ग्रांम वासियों ने ईशर लाल माली की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया कि 05 मई को ईशर लाल माली की लाश खेत पर अर्धगिरे हुऐ पेड़ की शाख पर लटकी हुई मिली थी। मृतक के गले में साफी बंधी हुई थी, जिसके फांसी वाली गांठ नहीं थी ओर पैर के घुटने जमीन पर टिके हुऐ थें।साफी का दुसरा हिस्सा पेड के लिपटा हुआ था। जबकि मृतक ईशर लाल रात्रि में घर पर ही सोया था। ग्राम वासियों ने बताया कि यह आत्महत्या नहीं होकर सुनियोजित हत्या है। ईशर लाल की हत्या करके शव को पेड़ पर टांगा गया है। मृतक की जिस स्थिति में लाश मिली है उससे आत्महत्या करना नहीं लग रहा है। क्योंकि जिस स्थान पर साफी फंदी हुई थी, उससे जमीन की उँचाई मात्र 6 फीट 2 इंच थी, जबकि मृतक की लम्बाई 5 फीट 7 ईंच थी, ओर साफी के फंदे की लम्बाई 2 फीट थी । ज्ञापन में बताया कि 4फीट 2 इंच की ऊंचाई के फंदे पर 5फीट 7 इंच लंबा व्यक्ति आत्महत्या कैसे कर सकता है? मृतक के पैरो में जूते भी पहने हुऐ थें। इसी मामले को लेकर 7 मई को भी ग्राम वासियों द्वारा उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की गई थी। 7 दिन में उच्च अधिकारियों से प्रकरण की जांच करवा कर दोषियों को नामजद करके गिरफ्तार करने की मांग की गई है तथा आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई।

# सैनिकों के सम्मान में भव्य तिरंगा यात्रा संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )** । सैनिकों के सम्मान में शाहपुरा में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा विधायक डॉ. लालाराम बेरवा के आह्वान पर तथा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सुगंधी के नेतृत्व में सोमवार 12 मई 2025 को प्रातः 10 बजे आयोजित की गई। यात्रा महलों के चौक से प्रारंभ होकर त्रिमूर्ति बाहरठ स्मारक तक निकाली गई।

यात्रा के दौरान देशभक्ति के नारों जैसे 'भारत माता की जय' और 'सैनिकों के सम्मान में' गूंज के साथ नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर यात्रियों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। त्रिमूर्ति चौराहे पर मानव श्रृंखला बनाकर शहीदों की शौर्यगाथा को नमन किया गया और तिरंगा यात्रा का समापन हुआ।

इस यात्रा में शाहपुरा के सभापति रघुनंदन सोनी, कन्हैया लाल धाकड़, जिला उपाध्यक्ष अविनाश जीनगर, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बोहरा, रमेश मारू, पूर्व उपप्रधान बजरंग सिंह राणावत, महामंत्री महावीर सैनी, जितेंद्र पाराशर, सीताराम बेरवा, उपाध्यक्ष विट्ठल शर्मा, भारत विकास परिषद अध्यक्ष पवन बांगड़, चंद्र प्रकाश चौधरी, डॉ. जलदीप पथिक, बालाराम खारोल, पार्षद मोहन गुर्जर, स्वराज सिंह पुष्पेंद्र, राजू, अशोक छिपा, कमलेश धाकड़, प्रमोद छिपा, गोपाल घूसर, शांतिलाल मामोडिया, राधेश्याम जीनगर, सत्यनारायण तोलम्बिया, भेरूलाल बोहरा, राजाराम पोरवाल, एडवोकेट जीवराज शर्मा, प्रहलाद कहार, नवल सोनी, मनोज सोनी, पप्पू कहार, महेंद्र जैन और नाथू कोली सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।



युवा मोर्चा से चेतन वैष्णव, मुकेश माली, प्रतीक गुर्जर, ललित गुर्जर, अनिल बेरवा और युवराज सिंह सहित कई युवाओं की सहभागिता रही। महिला मोर्चा से शारदा सोनी, वैशाली पोरवाल, सोनाली पोरवाल, सुनीता बलाई, मिथिलेश कंवर और ममता कुमारी ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया।

प्रॉपर्टी संघ अध्यक्ष राजेंद्र बोहरा, बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद के प्रतिनिधियों एवं नगर के सैकड़ों नागरिकों की उपस्थिति में यह यात्रा देशभक्ति, एकता और शहीदों के प्रति श्रद्धा का प्रतीक बनी।

दैनिक
बढ़ता राजस्थान
www.badhatarajasthan.in
RNI NO. RAJHIN/2010/35060





"लोग चाहते हैं कि मैं बेहतर करूं, लेकिन वो कभी नहीं चाहते कि मैं उनसे बेहतर करूं।"
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

**अक्षय ऊर्जा से संबंधित एमओयू के निवेशकों के साथ बैठक**

# 'राइजिंग राजस्थान' के निवेश समझौतों को समयबद्ध पूर्ण कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध': भजनलाल शर्मा

## निवेशक चरणबद्ध रूप से करें समय का निर्धारण सरकार को प्रोजेक्ट्स की प्रगति से कराएं अवगत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के माध्यम से राजस्थान की देश-दुनिया में निवेश के एक प्रमुख केन्द्र के रूप में पहचान बनी है। समिट में हुए निवेश समझौतों के धरातल पर उतरने से राज्य की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे निजी क्षेत्र में 6 लाख से अधिक रोजगार के नए अवसर सृजित करने के संकल्प को भी बल मिलेगा।

शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राइजिंग राजस्थान समिट के तहत अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में हुए एमओयू के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राइजिंग राजस्थान के तहत हुए निवेश समझौतों को समयबद्ध धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। परियोजनाएं स्थापित करने में निवेशकों को सरकार का पूर्ण सहयोग मिलेगा। मुख्यमंत्री ने निवेशकों से कहा कि वे अपने प्रोजेक्ट्स स्थापित करने की संपूर्ण प्रक्रिया के लिए चरणबद्ध रूप से समय का निर्धारण करें और उन्हें तय अवधि में पूरा करें। उन्होंने कहा कि निवेशक अपने प्रोजेक्ट की प्रगति से समय-समय पर राज्य सरकार को अवगत कराएं। शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि निवेशकों और राज्य सरकार के सामंजस्य से परियोजनाएं समय पर मूर्त रूप लेंगी।



### प्रत्येक परियोजना के लिए नियुक्त होंगे नोडल अधिकारी

मुख्यमंत्री ने निवेशकों से कहा कि सरकार और निवेशकों के बीच समन्वय के लिए प्रत्येक परियोजना के अनुसार एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। वे तय समय में परियोजना का पूर्ण होना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार प्रत्येक माह सभी प्रस्तावों के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा कर रही हैं। जिला कलेक्टर से लेकर मुख्य सचिव स्तर तक मॉनिटरिंग कर कार्यों को गति दी जा रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पवन, हाइब्रिड, बैट्री स्टोरेज और पम्प स्टोरेज परियोजनाओं के लिए भूमि आवंटन व कनेक्टिविटी के कार्यों को गति प्रदान करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में सरप्लस स्टेट बनाने के उद्देश्य की पूर्ति में नवीनीकरणीय ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार आगामी वर्षों में राज्य की नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता को 30 गीगावाट से बढ़ाकर 125 गीगावाट करने के लिए प्रयासरत है। सरकार सौर व पवन ऊर्जा आधारित परियोजनाओं के साथ पंप स्टोरेज तथा बैटरी स्टोरेज जैसे नवाचारों पर भी जोर दे रही है।

### निवेशकों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

इस अवसर पर निवेशकों ने अपने एमओयू पर कार्यों की प्रगति को लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा अनुरूप सभी परियोजनाओं को समयबद्ध और पारदर्शिता से धरातल पर उतारेंगे। निवेशकों ने अपने विभिन्न विषयों के समाधान पर मुख्यमंत्री की पहल पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में वर्तमान सरकार के समय निवेश के लिए बेहतरीन माहौल बना है।

# कांग्रेस से जुड़े कर्मचारियों को बॉर्डर इलाकों में भेजा : डोटासरा

## सर्वदलीय बैठक में सत्ताधारी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को भी नहीं बुलाया



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पाकिस्तान से तनाव और सीजफायर के मुद्दे को लेकर सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस पृष्ठभूमि के कर्मचारियों को बॉर्डर वाले इलाकों में भेजा जा रहा है। महीनों से एपीओ चल रहे कर्मचारियों को अचानक बॉर्डर वाले जिलों में भेज दिया गया है। कांग्रेस पृष्ठभूमि के कर्मचारी बॉर्डर पर जाने से नहीं डरते हैं, लेकिन सरकार इसमें भी भेदभाव कर रही है। डोटासरा सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

जयपुर में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में पार्टी प्रदेशाध्यक्षों को नहीं बुलाए जाने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा- सर्वदलीय बैठक में सत्ताधारी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को नहीं बुलाया। सरकार में पूरे तरीके से ब्यूरोक्रेट हावी है, जो नहीं चाहते कि सर्वदलीय बैठक में सबको बुलाया जाए।

### कश्मीर के मामले में कोई तीसरा देश पंचायती न करे

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कहा- हमारी सेना ने वीरता का परिचय देते हुए पाकिस्तान के घुटने टिका दिए थे। लेकिन, इसी बीच अमेरिका के राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके युद्ध विराम की घोषणा की। इसके बाद केंद्र ने की। ट्रंप ने कश्मीर के मामले को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुलझाने की बात कही है, जो हर देशवासी के लिए पीड़ादायक है।

डोटासरा ने कहा- देश जानना चाहता है कि केंद्र सरकार को अमेरिका से मध्यस्थता क्यों करवानी पड़ी? इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऑल पार्टी मीटिंग और संसद का विशेष सत्र बुलाकर स्थिति साफ करनी चाहिए।

# ऑनलाइन पेमेंट करने पर पकड़े गए बदमाश

## जयपुर में बिजनेसमैन के घर से 1.5 करोड़ लूटकर भागे थे नेपाल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में करीब दो महीने पहले बिजनेसमैन के घर डेढ़ करोड़ की लूट के मामले में नौकर और उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया है। लूट की वारदात को अंजाम देकर तीनों नेपाल भाग गए थे। भारत लौटने के बाद साथियों से बात करने के लिए लोगों से मोबाइल फोन मांगकर यूज करते थे। पुलिस की टीम ऑनलाइन पेमेंट के ट्रांजैक्शन को ट्रैक करते हुए आरोपियों तक पहुंची।

विद्याधर नगर थाना पुलिस ने टेक्निकल टीम की मदद से तीनों को ट्रेसआउट कर उत्तरप्रदेश और बिहार में दबिश देकर अरेस्ट किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मकान मालकिन पर चाकू से हमला कर लूटी करीब 601 ग्राम डायमंड जड़ित गोल्ड ज्वेलरी और दो महंगी घड़ियां बरामद की हैं। डीसीपी (नॉर्थ) राशि डोगरा डूडी ने बताया- लूट मामले में आरोपी इंद्रजीत कुमार गुप्ता (29), अशोक मण्डल (25) और राधेश्याम मण्डल (29) निवासी मधुबनी बिहार को अरेस्ट किया है। उत्तर प्रदेश के आगरा से इंद्रजीत और बिहार से उसके दोनों साथी अशोक और राधेश्याम को अरेस्ट किया है।



### तीनों पर 25 हजार का इनाम था

तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपए का इनाम रखा था। लूट के बाद तीनों उत्तर प्रदेश होते हुए बिहार गए। बिहार से भागकर फरारी काटने नेपाल चले गए थे। जांच में सामने आया है कि पूर्व में बजाज नगर में राधेश्याम मंडल और आदर्श नगर में इंद्रजीत गुप्ता घरेलू नौकर बनकर मकान मालिक से लूट कर चुके हैं। पुलिस की तकनीकी शाखा की ओर से नेपाल में फरारी काटने गए तीनों आरोपियों पर नजर रखी जा रही थी। पुलिस से बचने के लिए तीनों ने खुद के मोबाइल नंबर भागते समय ही बंद कर दिए थे। नेपाल पहुंचने के बाद वहां का नंबर यूज करने लगे। विद्याधर नगर एसएचओ राकेश ख्यालिया के नेतृत्व में टीम ने तीनों आरोपियों की लोकेशन ट्रेस करना शुरू किया। ऑनलाइन पेमेंट के ट्रांजैक्शन के रिकॉर्ड के आधार पर पुलिस को पता चला कि तीनों पहले उत्तरप्रदेश के कानपुर गए। फिर बिहार होते हुए नेपाल बॉर्डर क्रॉस कर गए थे।

### टूरिस्ट और बस कंडक्टर के मोबाइल करते थे यूज

एसएचओ राकेश ख्यालिया ने बताया- सर्च के दौरान तीनों बदमाश के पिछले सालों में यूज की सिम की जानकारी पता की गई। कॉल डिटेल और ऑनलाइन ट्रांजैक्शन का रिकॉर्ड लिया गया। पुलिस से बचने के लिए रिश्तेदारों व साथियों से अपने नए मोबाइल नंबर से कॉन्टैक्ट करने का पता चला। एक-दूसरे से कॉन्टैक्ट करने वाले मोबाइल नंबर के बारे में जानकारी करने पर वह बस कंडक्टर या टूरिस्ट का होना सामने आया। ट्रांजैक्शन हिस्ट्री के आधार पर फरार आरोपी के उत्तरप्रदेश के आगरा में आने का पता चला। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी इंद्रजीत को दबोचा। उसके फरार दोनों साथियों की जानकारी जुटाकर बिहार में दबिश देकर पकड़ा गया। चाकू से हमला कर घर था लूटा एसएचओ (विद्याधर नगर) राकेश ख्यालिया ने बताया- 3 मार्च को अम्बाबाड़ी विद्याधर नगर निवासी ज्योति अग्रवाल के घर लूट की वारदात हुई थी। उनके पति देवेन्द्र अग्रवाल न्यू आतिश मार्केट में स्थित अपनी हार्डवेयर सैनेटरी शॉप पर थे। घरेलू कामकाज के लिए एक दिन पहले रखे नौकर अशोक ने देर शाम अपने दो साथियों को घर बुलाया। घर में अकेली ज्योति अग्रवाल के हाथ-पैर बांधकर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। चाकू से हमला कर करीब डेढ़ करोड़ के गहने लूटकर नौकर अपने दोनों साथियों के साथ फरार हो गया था।

# जयपुर-आगरा रोड पर प्राइवेट बस ने ऑटो को मारी टक्कर, 2 की मौत, 3 घायल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर शहर से आगरा रोड पर टनल से निकलने के बाद 12 किलोमीटर दूर पुरानी चूंगी के पास एक प्राइवेट बस ने सवारियों से भरे ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 घायल हो गए। घायलों का इलाज जयपुर के सवाई मान सिंह अस्पताल में चल रहा है। बस ईदगाह (जयपुर) से बरेली उत्तर प्रदेश जा रही थी। घटना जामडोली थाना इलाके में पुरानी चूंगी के पास रविवार रात 11.30 बजे हुई। जामडोली थाना इंचार्ज सतीश भारद्वाज ने बताया- गलता गेट थाना इलाके में ईदगाह क्षेत्र से एक प्राइवेट बस रात 11 बजे बरेली जाने के लिए निकली थी। बस ट्रांसपोर्टनगर एरिया में टनल से होते हुए पुरानी चूंगी (जामडोली क्षेत्र) पहुंची थी। इस दौरान जयपुर-आगरा हाईवे-21 पर आगे चल रहे ऑटो को बस ने पीछे से टक्कर मार दी।

ऑटो में ड्राइवर सहित 5 लोग सवार थे। बस की टक्कर से ऑटो पलट गया। ऑटो सवार लोग निजी कार्यक्रम से लौट रहे थे। हादसे में सभी घायल हो गए। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस को फोन कर बुलाया और घायलों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां से सभी को एसएमएस अस्पताल रेफर कर दिया गया।

हादसे में करौली निवासी दीपक जाटव (16) पुत्र सुरेश और भरतपुर के वैर निवासी मदन जाटव (45) पुत्र सुमेरी की मौत हो गई। वहीं विजय (22) पुत्र पप्पू जाटव निवासी भरतपुर, गौरव (25) पुत्र कलवा निवासी भरतपुर और गजल जाटव (50) का जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में उपचार चल रहा है।

# एकल पट्टा केस में पूर्व-मंत्री शांति धारीवाल की मुश्किलें बढ़ेंगी

## हाईकोर्ट से सरकार की रिवीजन याचिका वापस लेने की मंजूरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पूर्व मंत्री शांति धारीवाल, पूर्व आईएएस जीएस संधू सहित अन्य अफसरों से जुड़े चर्चित एकल पट्टा मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की रिवीजन याचिका वापस लेने को मंजूरी दे दी है। इस मंजूरी के साथ ही अब शांति धारीवाल और जीएस संधू सहित अन्य अफसरों के खिलाफ एसीबी कोर्ट का पुराना फैसला लागू हो गया। नए सिरे से जांच का रास्ता साफ हो गया है। पिछली सरकार की रिवीजन याचिका वापस लेने से इस केस में सरकार आरोपियों के खिलाफ ट्रायल कोर्ट से लेकर ऊपर तक पैरवी कर सकेगी।



दूसरे फैसले में हाईकोर्ट ने अशोक पाठक को एकल पट्टा केस में पक्षकार (इंटरवीनर) बनने की याचिका मंजूर कर ली है। चीफ जस्टिस की बेंच में अब 14 मई को अगली सुनवाई होगी। अगली सुनवाई में अब शांति धारीवाल और आरोपी पूर्व अफसरों की याचिकाओं पर बहस होगी।

पिछले दिनों ही हाईकोर्ट ने इस मामले में बहस पूरी हुई थी। राज्य सरकार की ओर से एएसजी एसवी राजू, एएजी शिवमंगल शर्मा और विशेष लोक अभियोजक अनुराग शर्मा ने पैरवी की। राज्य सरकार का तर्क था कि अभियोजन वापस लेने का पूर्व सरकार का निर्णय अब औचित्यहीन है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# गैंगस्टर लॉरेंस के लिए धमकी देने वाले से पूछताछ होगी

## जयपुर के व्यापारी को पैसों के लिए धमकाया था, जेल से रिमांड पर लिया जाएगा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** गैंगस्टर लॉरेंस, रोहित गोदारा और वीरेंद्र चारण के लिए दुबई में बैठकर डिब्बा कॉल करने वाले आदित्य जैन को एक बार फिर एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) गिरफ्तार करने वाली है। मुहाना मंडी के एक व्यापारी को दी गई धमकी के मामले में टास्क फोर्स आदित्य जैन को जेल से गिरफ्तार कर रिमांड पर लेगी। एजीटीएफ ने 10 अप्रैल को इलियास को गिरफ्तार किया था। जो रोहित गोदारा के लिए व्यापारियों की लिस्ट तैयार करता था। इलियास ने पुलिस पूछताछ में बताया- मुहाना का व्यापारी उसका करीबी है। उसकी जानकारी वीरेंद्र चारण को उसी ने दी थी। इस के बाद आदित्य जैन ने डिब्बा कॉल कर व्यापारी को धमकी दी थी। जिस के बाद व्यापारी ने मुहाना थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी।



### एजीटीएफ करेगी मुहाना में दर्ज केस में पूछताछ

एजीटीएफ की दुबई में कार्रवाई देखते हुए इलियास दुबई छोड़ कर भारत आग आया था। सीकर के सेठान में अपने घर पर रहने लगा था। एजीटीएफ ने 10 अप्रैल को इलियास को मुखबिर से मिली सूचना के बाद गिरफ्तार किया था। पुलिस पूछताछ में आरोपी इलियास ने बताया था कि उसी ने फल व्यापारी सलीम खान की जानकारी गैंग के सदस्य वीरेंद्र चारण को दी थी।

इलियास ने चारण को बताया था कि व्यापारी सलीम खान उसके गांव का है, डरपोक है। धमकी देने पर पैसे दे देगा। बाद में पैसा हवाला के जरिए दुबई मंगवा लेंगे।

### डिब्बा कॉल करवाकर रंगदारी के लिए धमकी दिलवाई

व्यापारी के बारे में पूरी जानकारी मिलने के बाद वीरेंद्र चारण ने दुबई में आदित्य जैन के जरिए व्यापारी को डिब्बा कॉल करवाकर रंगदारी के लिए धमकी दिलवाई। धमकी मिलने के कुछ दिनों तक व्यापारी ने कुछ नहीं किया। लेकिन जब बार-बार कॉल आने लगी को व्यापारी ने मुहाना थाना पुलिस को इस की जानकारी दी। इस पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। एजीटीएफ को जब इस केस की जानकारी मिली तो एजीटीएफ ने मुहाना में दर्ज केस को लेकर जांच शुरू कर दी। इसके बाद आदित्य जैन को प्रॉडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर जयपुर लाया जाएगा। जानकारी में सामने आया है कि इलियास और आदित्य जैन ने पिछले कुछ दिन रिमांड के दौरान हुई पूछताछ के बाद राजस्थान में की गई कई रंगदारी की जानकारी पुलिस को दी है। पुलिस पैसा दे रहे व्यापारियों के सम्पर्क में हैं।